आज का मौसम
आसमान में आज धूप खिली रहेगी।
33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.36 | सूर्यास्त 6.39

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# यूनाइट फॉर ह्यूमैनिटी

UFH न्यूज़

वर्ष :11 अंक :01 08 मूल्य : 2 रुपये ,लखनऊ, 15 मार्च,रविवार 2026 RNI NO :- UPHIN/2014/57987

## खबर संक्षेप

### बिहार के नए राज्यपाल हसनैन ने ली शपथ

**पटना।** बिहार के नए राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने शपथ ले लिया है। उन्होंने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन ने शपथ दिलाई। शनिवार सुबह बिहार लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में सीएम नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा और कई मंत्री के साथ अधिकारी मौजूद रहे।



### एनडीए से गठबंधन नहीं करेगी टीवीके पार्टी

**चेन्नई।** अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके ने तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना से शनिवार को इनकार किया। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने पत्रकारों से इनकार कर दिया कि तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन के लिए बातचीत हो रही है।



### मर्डर करके पुलिस के सामने पहुंच गया पति

**कल्याण।** महाराष्ट्र में कल्याण के उंबर्डे परिसर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद नासिक गया और सरकारवाड़ा थाने में जाकर पुलिसकर्मियों को हत्या करने की बात बताई। पुलिस को यकीन नहीं हुआ। नासिक पुलिस ने कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस से फौरन संपर्क किया।



### 10 साल बाद हत्या की आरोपी मां-बेटी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** केरल के कन्नूर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर हर कोई दंग है। 2016 में एक बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या कर फरार हुई दो महिलाओं को पुलिस ने करीब एक दशक बाद गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई आरोपियों की पहचान दिल्ली के नांगलोई की रहने वाली परवीन बानू और उसकी बेटी सकीना फातिमा के रूप में हुई है।



### जय माता दी... शर्मा ने वैष्णो देवी में टेका माथा

**रियासी।** भारतीय क्रिकेट टीम को फाइनल जिताने में युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का अहम रोल रहा है। आईसीसी टी20 रैंकिंग के नंबर-1 बल्लेबाज शर्मा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी में पवित्र वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन किए। ऐतिहासिक जीत के हीरो में से एक रहे अभिषेक ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए 'जय माता दी' लिखा।



### कोलकाता में भाजपा की मेगा परिवर्तन संकल्प रैली को प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित

# टीएमसी के किसी अत्याचारी को सरकार छोड़ेगी नहीं, चुन-चुनकर हरेक का हिसाब लेगी, यह अपराधियों की बैशाखी पर चल रही

## यहां पर कानून का राज हो गया खत्म, राष्ट्रपति को सम्मान नहीं दिया गया



नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ममता सरकार व टीएमसी पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को यहां दिए जा रहे संरक्षण से रोटी, मांटी व बेटी तीनों को खतरा है। विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले बंगाल के दौरे पर आए पीएम ने कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में भाजपा की मेगा परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार घुसपैठियों को यहां की जमीन पर कब्जा दिला रही है।पीएम ने कहा कि बंगाल के ज्यादातर इलाकों में डेमोग्राफी बदल गई है। टीएमसी सरकार गुंडों व अपराधियों की बैशाखी पर चलती है।पीएम ने सीएम ममता बेनर्जी का नाम लिए बिना उनके हालिया एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि बंगाल के हिंदुओं को खुलेआम धमकी दी जा रही है कि एक समुदाय आपको कभी भी खत्म कर देगी। यह बात अशोभनीय है।

### निर्मम सरकार का अंत निकट

पीएम ने लोगों से परिवर्तन का आह्वान करते हुए कहा कि बंगाल से इस निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा। मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल में कानून का राज लौटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में टीएमसी संरक्षित हर अपराधी व अत्याचारी का चुन-चुन कर हिसाब लिया जाएगा।



रैली में अभिवादन करते प्रधानमंत्री

ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की हुंकार

### 'चाई बीजेपी सरकार अबकी बार'

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा।

### बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर निशाना साधा और कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। यहां लोगों का उत्साह बता रहा जल्द जंगलराज खत्म होगा।

### निर्मम सरकार बौखला गई

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए। निर्मम सरकार देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी।

### कटमनी न मिलने से टीएमसी सरकार रोक रही योजनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां का युवा न डिग्री ले पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल पा रहा है। आपके बेटे-बेटियों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब टीएमसी... ये आते रहे... अपनी जेबें भरते रहे... और बंगाल में विकास के काम ठप रहे। ये टीएमसी वाले काम नहीं करने देंगे। जब तक इनको अपना कटमनी नहीं मिल जाता, ये किसी भी योजना को बंद कर देते हैं।

### राष्ट्रपति का अपमान किया

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने राष्ट्रपति का अपमान किया। टीएमसी वाले घुसपैठियों को बुलाते हैं। ये लोग ना काम करेंगे और ना ही करने देंगे। मोदी की गारंटी है कि युवाओं का सपना पूरा करेंगे। जब तक टीएमसी को अपना हिस्सा नहीं मिलता, तब तक योजनाओं को गरीब तक नहीं पहुंचने देते।

रैली से पहले भिड़ी टीएमसी-भाजपा

### झड़प, पत्थरबाजी में कई लोग घायल

पीएम मोदी के कोलकाता दौरे से पहले भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच शहर गिरीश पार्क इलाके में भिड़ंत हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर भी फेंके। घटना में कई लोगों के चोटिल होने की खबर भी सामने आ रही है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने मामले को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### असम को दी 24 हजार करोड़ की सौगात

## कांग्रेस का दिमाग जहां से लॉक तो वहीं से हमारा काम अनलॉक



सिलचर में पीएम मोदी

**सिलचर।** असम के सिलचर में पीएम मोदी ने शनिवार को 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।अपने संबोधन में पीएम मोदी ने असम की बराक घाटी की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि सिलचर को बराक घाटी का गेटवे कहा जाता है। ये वो जगह है, जिसने भाषा, संस्कृति को मिलाकर एक विशेष पहचान बनाई है।

### बड़ा लॉजिस्टिक और ट्रेड हब बनेगी बराक घाटी

पीएम मोदी ने शिलॉन्ग-सिलचर कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। 166 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर की लागत करीब 22,860 करोड़ होगी। इससे असम और मेघालय के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इस कॉरिडोर से गुवाहाटी से सिलचर यात्रा का समय 5 घंटे रह जाएगा।

### दक्षिण पूर्व एशिया के बड़े बाजार का रास्ता खुलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि आज करीब 24 हजार करोड़ के सिलचर-शिलॉन्ग कॉरिडोर का भूमि पूजन हुआ है। ये उत्तर पूर्व का पहला एक्सेस कंट्रोल्ड हाई स्पीड कॉरिडोर होगा। इस कॉरिडोर से दक्षिण पूर्व एशिया का बाजार खुलेगा।

### कांग्रेस ने फूट डालो... का काम किया

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा का मंत्र है- जो विकास के दौड़ में पीछे रह गया, उसे प्राथमिकता देना। कांग्रेस की सरकारें बॉर्डर एरिया को देश के अंतिम गांव मानती थी। कांग्रेस ने यहां फूट डालो की नीति कायम की।

### मोगा में चुनावी रैली को गृहमंत्री शाह ने किया संबोधित

# केवल भाजपा मिटाएगी पंजाब से नशे का कारोबार, पंजाब में बनेगी भाजपा सरकार

नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोगा, पंजाब में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की स्थिति और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। शाह ने पंजाब की कानून व्यवस्था, नशाखोरी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रशासन पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि पंजाब वर्तमान में नशीली दवाओं, गैंगस्टरों के आतंक और बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है।

इस दौरान पंजाब सरकार को लिया आड़े हाथ



### बदलाव रैली का किया गया आयोजन

किल्ली चहल में भाजपा की 'बदलाव रैली' का आयोजन किया गया है। शाह मुख्य अतिथि के तौर पर केसरिया पगड़ी पहनकर पहुंचे।

### आप-दा सरकार ने ड्रग्स में डुबो दिया

शाह ने आप पर तीखा हमला करते हुए कहा कि रिमोट कंट्रोल वाली 'आप-दा सरकार' में राज्य ड्रग्स को कारोबार में डूब गया।

### नष्ट करने के प्रयास में फटा विस्फोटक, बच्चे की मौत, पिता जख्मी

**नोनी।** मणिपुर के नोनी जिले के ताओलिंगपुंग गांव में शनिवार सुबह बम विस्फोट में एक चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 8:30 बजे नामक ओलोंग पार्ट-2 इलाके में तब हुई, जब बच्चों के हाथ लगा एक संदिग्ध विस्फोटक अचानक फट गया। बच्चे उसे घर ले आए थे और पिता नष्ट करने का प्रयास कर रहे थे। मृतक बच्चे की पहचान कलाइंगामपौ पामेई (4) के रूप में हुई है।



### डब्ल्यूसीएल पहुंचे कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी

# 25 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाई प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन व शिलान्यास

नई दिल्ली,

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के 2 दिनी दौरे में आभासी माध्यम से कई अहम परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने डब्ल्यूसीएल के कार्यों की समीक्षा बैठक की। रेड्डी ने आभासी माध्यम से 25 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने नागपुर के कामठी क्षेत्र में ब्लैक डायमंड स्पोर्ट्स स्टेडियम, वानी क्षेत्र के ताडाली में स्वामी विवेकानंद इको पार्क और बल्लारपुर क्षेत्र की सास्ती ओपन कास्ट खदान को सौगातें दी।

रिमोट से किया कार्यक्रम



### कोयला उत्पादन व सुरक्षा कार्यों की समीक्षा की

मंत्री ने कोयला उत्पादन, सुरक्षा, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की परियोजनाओं से संबंधित डब्ल्यूसीएल के कार्यों की समीक्षा की। रेड्डी ने टीम डब्ल्यूसीएल की कार्य संस्कृति और प्रदर्शन की सराहना की और चालू वित्त वर्ष में बेहतर परिणामों की उम्मीद जताई। डब्ल्यूसीएल की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की।

### भारत में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

# हरीश राणा एम्स लाए गए,अब धीरे-धीरे हटेगा लाइफ सपोर्ट

## एम्स दिल्ली के पैलिएटिव केयर विभाग में गोपनीय तरीके से शिफ्ट किया

नई दिल्ली,

जिले के राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एंपायर सोसाइटी के निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर परोक्ष इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) के लिए एम्स दिल्ली के पैलिएटिव केयर विभाग में गोपनीय तरीके से शिफ्ट कर दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सीएमओ की देखरेख में की गई यह भारत में पहला ऐसा मामला है जहां सुप्रीम कोर्ट ने किसी व्यक्ति को इच्छामृत्यु की अनुमति दी है।



### वर्ष 2013 से कोमा में हैं हरीश

हरीश 2013 में चंडीगढ़ में एक हादसे में चौथी मंजिल से गिरने के बाद स्थायी वेजिटेटिव स्टेट में हैं।13 वर्षों से वे अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़े हुए हैं और लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हैं। उनके माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में लाइफ सपोर्ट हटाने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है।एम्स की मेडिकल रिपोर्ट में भी हरीश के ठीक होने की कोई संभावना नहीं बताई गई थी।

### एम्स निदेशक ही जारी करेंगे बयान

बताया जा रहा कि उन्हें गाजियाबाद से एम्स तक एक ऐसे वाहन में लाया गया जिसमें एंबुलेंस की सुविधाएं तो थीं लेकिन बाहर से कोई प्रतीक नहीं था। डॉक्टरों का कहना है कि हरीश राणा को एम्स लाने में जीवन रक्षक प्रणाली की जरूरत नहीं थी।

### पैलिएटिव केयर को जानें

एम्स चिकित्सकों के अनुसार पैलिएटिव केयर में ऐसी चिकित्सा देखभाल होती है, जिसका उद्देश्य गंभीर या असाध्य बीमारी से पीड़ित मरीज को आराम देना और उसकी जीवन गुणवत्ता बेहतर बनाना होता है। बीमारी को ठीक करने के बजाय मरीज के दर्द, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट, बेचैनी या अन्य शारीरिक-मानसिक परेशानियों को कम करने पर ध्यान दिया जाता है। डॉक्टर, नर्स, काउंसलर मरीज और उसके परिवार की सहायता करते हैं।

### आईटी डिपार्टमेंट ने दिया स्पष्टीकरण

# टैक्सपेयर्स को मिले गलत ईमेल, हल निकाला जा रहा

नई दिल्ली,

टैक्सपेयर्स को 'महत्वपूर्ण लेनदेन' से जुड़े गलत जानकारी वाले ईमेल मिलने के मामले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने स्पष्टीकरण दिया है। विभाग ने शनिवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस पोस्ट में स्वीकार किया कि टैक्सपेयर्स को गलत जानकारी वाले ईमेल मिले हैं और इसके लिए विभाग ने टैक्सपेयर्स को हुई असुविधा के लिए खेद भी प्रकट किया है। विभाग ने पोस्ट में कहा कि हमें जानकारी मिली कि कुछ टैक्सपेयर्स को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चल रहे एडवांस टैक्स ई-कैंपेन के तहत उनके द्वारा किए गए 'महत्वपूर्ण लेनदेन' के बारे में गलत जानकारी वाले ईमेल मिले हैं। ड इस गलती को हमारे संज्ञान में लाने के लिए टैक्सपेयर्स का धन्यवाद करता है। हम सर्विस प्रोवाइडर संग मामले को सुलझाने काम कर रहे हैं।



संक्षेप

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

गोसाईंगंज-अयोध्या।विकासखंड पूराबाजार के राजेपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, भव्य शोभायात्रा और देवआराधन के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में हुआ।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखने को मिला।कथा के द्वितीय सत्र में प्रवचन करते हुए आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने कहा कि पुराण भारतीय जीवन साहित्य के अमूल्य रत्न हैं और अतीत को वर्तमान से जोड़ने वाली स्वर्णमयी श्रृंखला के समान हैं।उन्होंने कहा कि भगवान की कथा मनुष्य के हृदय में ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का संचार करती है।

आचार्य द्विवेदी ने कहा कि भगवान की कथा स्वयं भगवान से भी अधिक उदार मानी गई है, क्योंकि इसके श्रवण मात्र से पापी से पापी व्यक्ति भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि धुंधुकारी जैसा अधिकारी बन गया।

# घरेलू गैस, पेट्रोल व डीजल आपूर्ति व्यवस्था का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जनपदवासियों को घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ पडरौना स्थित गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेण्डरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया।साथ ही मौके पर उपस्थित जनसामान्य की समस्याओं को भी सुना गया।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा प्रशासन द्वारा इनकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है।किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आमजन प्रशासन द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम में फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इस दौरान वितरकों एवं एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुसार गैस सिलेण्डर तथा पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण सुनिश्चित करें तथा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी कालाबाजारी, ओवररेटिंग या उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की घटना संज्ञान में आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही जनसामान्य से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद करें।

## आठवें दिन भी नहीं थमी रसोई गैस की किल्लत

भटनी (देवरिया)।स्थानीय क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत लगातार आठवें दिन भी बनी रही। गैस की आपूर्ति सामान्य न होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को भी सुबह होते ही गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई।

रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग भोर से ही एजेंसी के बाहर पहुंच गए, लेकिन पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा।भीड़ अधिक होने से लोगों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनती रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में गैस की आपूर्ति बाधित चल रही है, जिससे घरों में खाना बनाने में दिक्कत हो रही है।कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी और अन्य ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से जल्द से जल्द पर्याप्त गैस उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 75 वर्षीय बुजुर्ग लापता



लखनऊ।मोहनलालगंज कस्बे में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग लक्ष्मी कांत मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रामविलास मिश्रा बीते 22 फरवरी की शाम से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं काफी खोजबीन के बाद भी उनका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है, जिससे परिजन बेहद परेशान और चिंतित हैं।परिजनों के अनुसार लक्ष्मी कांत मिश्रा 22 फरवरी की शाम घर से निकले थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की और रिश्तेदारों व आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला बुजुर्ग के बेटे सत्यजीत मिश्रा ने मोहनलालगंज कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टर लगवाकर और सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी तलाश के लिए प्रचार-प्रसार कराया लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।परिजन लगातार अलग-अलग स्थानों पर जाकर बुजुर्ग की खोज कर रहे हैं और लोगों से जानकारी मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। परिवार का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को लक्ष्मी कांत मिश्रा के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या उनके परिजनों को सूचित करें ताकि उन्हें सकुशल घर लाया जा सके।

## कृष्णा नगर मे दिनदहाड़े छात्रा से मोबाइल लूट

बाइक सवार लुटेरों की करतूते सीसीटीवी कैमरे में कैद

लखनऊ।कृष्णानगर इलाके में शुक्रवार दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने छात्रा को निशान बना मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दे फरार हो गए। वही बाइक सवार लुटेरों की करतूते सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है।मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के मानस नगर निवासी पूजा (20) पुत्री सुनील कुमार केकेवी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है।पीडिता के अनुसार वह शुक्रवार को वह कॉलेज से घर लौट रही थी।इसी दौरान उसके घर के निकट जनता डेयरी के सामने वह किसी से मोबाइल पर बात करते हुए जा रही थी।इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर उसके हाथ से मोबाइल छीन फरार हो गए।जिसकी जानकारी उसने स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से की है। वही पीडिता का दावा है घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में दो युवक बाइक से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।यही दोनों युवक उसका मोबाइल छीनकर भागे थे।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया मामला संज्ञान मे आया है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशो की तलाश की जा रही है।

## सम्मेलन में जमा किये रुपये लौटाने को लेकर विवाद

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी मजरा टपरियन निवासी एक युवक ने सम्मेलन में विवाह कराने के नाम पर जमा कराए गए रुपये वापस न मिलने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मानसिंह कुशवाहा पुत्र गोरेलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 30 नवम्बर 2025 को सम्मेलन के माध्यम से एक मैरिज गार्डन ललितपुर में होना तय हुआ था।

इस सम्मेलन का आयोजन एक कथित संस्था नई राह फाउंडेशन के अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा था।पीड़ित के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने के लिए उसने 30 हजार रुपये की रसीद कटवाई थी, जबकि उसके रिश्तेदार निवेदिका पुत्री पूरन निवासी ग्राम कथनौवा ने भी 30 हजार रुपये जमा किए थे।बाद में किसी कारणवश सम्मेलन स्थगित हो गया, जिसके बाद उसने अपने निवास से ही विवाह कर लिया। मानसिंह का आरोप है कि विवाह के बाद उसने फाउंडेशन के अध्यक्ष से अपने रुपये वापस करने को कहा।

इस पर उसे 40 हजार रुपये वापस कर दिए गए, जबकि 20 हजार रुपये बाद में देने की बात कही गई।पीड़ित का कहना है कि जब वह 2 दिसंबर 2025 को फाउंडेशन के कार्यालय इलाइट चैराहा, राजघाट रोड पर शेष रुपये लेने गया तो वहां मौजूद अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य लोगों ने रुपये देने से इनकार कर दिया और अभद्रता करते हुए धमकी दी।पीड़ित के मुताबिक मौके पर मौजूद दिनेश कुमार और रामप्रसाद सहित अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया।पीड़ित ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर शेष रकम दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## महावीर की संस्कृति को जीवंत रखना भक्त की जिम्मेवारीः मुनि सुधासागर

**ललितपुर।** भगवान महावीर की संस्कृति की जीवंत रखना प्रत्येक भक्त की जिम्मेवारी है आज धर्म की नहीं वरन भगवान महावीर की संस्कृति की प्रभावना कर ललित पुर वासियों ने बता दिया कि बुन्देलखण्ड में आज भी संस्कार जीवन्त है।उन्होने कहा धर्म व्यक्ति का निजी होता है जिसको कोई भी नहीं छीन सकता यह अंत समय तक उसके साथ रहता है और व्यक्ति के भविष्य को सुधारता है। उक्त उद्गार राष्टसंत तीर्थ चक्रवर्ती मुनि श्री सुधासागर महाराज ने अभिनंदनोदय तीर्थ में आयोजित धर्मतना में व्यक्त किए।धर्मसभा के पूर्व जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन एवं पंचायत समिति ने मुनिसंघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। जबकि गुरूदेव के पादाक्षालन का पुण्यार्जन गुरुभक्त राजेन्द्र जैन अंकित जैन थनवारा एवं संजीव जैन राजीव चैधरी परिवार को मिला जवकि मुनि श्री की पूजन महिला भण्डल द्वारा भक्ति पूर्वक की गई। प्रतिष्ठाचार्य वालव्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश ने ललितपुरवासियों को गौरव के पल बताए जय गुरुदेव आज भक्तों के बीच विराजित हैं। धर्मसमा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। इसके पूर्व में आज प्रातःकाल निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज की भव्य अनुवाई ललितपुर नगर के लिए ज्यौ ही शुरू हुई भक्त उत्साह से सराबोर अगुवाई के लिए पहुंचे और दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा गोविन्दसागर बाध हाईवे से प्रारम्भ हुई जो नेहरूमहाविद्यालय से गाजे बाजे के साथ झूमते हुए आगे कही। लगभग 5 किमी लम्बे चल समारोह में ध्वज पताकाए लिए 51 अश्व, दो हाथी उट पर सवार श्रेष्ठजन ध्वज पताकाए लिए हुए थे वहीं वाइकों पर जयजयकार करते हुए नवयुवक आकर्मण का केन्द्र रहे।

● शहर के प्रमुख मार्गों पर राष्ट्र संत की अगुवाई में सजाई रंगोली, भक्ति के साथ उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



पंजाव एवं उदयपुर के दिव्यपोरों द्वारा प्रस्तुति, पाठशाला की बालिकाओं द्वारा जैन आर्मी की परेड सलामी के साथ गुरुदेव की अगुवानी अपने आप में अनूठी रही। बुन्देली संस्कृति राईसेरा के साथ 20 डीजों के साथ थिरकते भाजनों पर झूमते युवकों का अत्साह, शस्त्र प्रदर्शन करती जैन वीरांगनाओं द्वारा गुरूदेव की परिक्रमा के साथ मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ससंघ की अनुवाई हुई।

यह भव्य शोभात्रा नेहरूमहाविद्यालय से मवेशी बाजार आजाद चैक घंटाघर तुवन चैराहा होते हुए अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंची।घंटाघर चैक पर विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व अजय जैन साइकिल समेत सैकडों भक्तों ने गुरुदेव का पादप्रवालन कर आरती उतारी। नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन समेत पालिका पार्षदों द्वारा गुरुदेव की घंटाघर चैक पर अनुवाई हुई। पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, डा राजकुमार जैन, ज्योति कझ्पनीत लोकेशरी, भूपेन्द्र जैन सिद्धि समूह, अनिल जैन अंचल, भूपेन्द्र जैन सिद्धिसमूह सहित अनेको भक्तों ने मुनि श्री की अगुवाई की। मुनि सुधासागर महाराज अभिननोदय तीर्थ में विराजमान है जहां मुनि श्री के प्रातः 8 बजे से प्रवचन एवं सायंकाल 6 बजे जिज्ञासा समाधान का कार्यक्रम आयोजित होगा।

## मानक नगर स्टेशन रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से मचा हडकंप

लखनऊ।मानक नगर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया।स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची आरपीएफ पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मौजूदगी मे शव की पहचान हो जाने पर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस के अनुसार शनिवार को मानक नगर प्लेटफार्म नम्बर तीन पर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पडा मिला था।मृतक की पहचान भोला खेड थाना कृष्णा नगर निवासी सुनील तिवारी 43 पुत्र अंजनी तिवारी के रूप मे हुई है।

## मकान में हिस्से को लेकर बड़े भाई ने भाई पर किया हमला

लखनऊ।आलमबाग कोतवाली में दो दिन पूर्व एक बड़े भाई ने मकान में हिस्से को लेकर अपने छोटे भाई संग मारपीट कर घर से भगा दिया।आलमबाग के भिल्लावां इलाके में सुदेश कुमार सिंह रहते है।पीड़ित के अनुसार दो दिन पूर्व 12 मार्च की शाम उनके बड़े भाई योगेश कुमार सिंह जोकि कई वर्षों से अपने परिवार के साथ कृष्णापल्ली में अपने बहनोई के घर रहते चले आ रहे है अचानक से आए और मकान में अपना हिस्सा बताते हुए उसपर हमलावर हो गए और जमकर पिटाई कर दी और धमकाया कि इस घर मे दोबारा दिखाई दिया तो तुम्हें जान से मार डालूंगा।पीड़ित ने भागकर अपने स्थानीय आलमबाग थाने पर सूचना दे भाई के खिलाफ नामजद शिकायत की है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हैं।

## गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों व किल्लत के विरोध में आप का प्रदर्शन

**ललितपुर।** देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की तरह ललितपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश की आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, जबकि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते लोग फिर से लाइनों में लगने को मजबूर हो गए हैं। जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60 रुपये तथा कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता की कमर टूट चुकी है।साथ ही यह भी कहा कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी किए जाने से देश को आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसका सीधा असर महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है। हरदयाल सिंह लोधी ने यह भी आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे और मध्यम उद्योगों पर भी आर्थिक दबाव बढ़ रहा है और बेरोजगारी की स्थिति तेजी से बढ़ती जा रही है। आप कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए तथा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी देशभर में जन आंदोलन को और तेज करेगी।इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., प्रमोद नामदेव एड., रमेश कुमार, देवकी, वृन्दावन, हजारीलाल राजपूत, बुद्धसिंह बुन्देला, आरती के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।




## सतत पर्यटन से प्राकृतिक संसाधनों की होती है रक्षाः डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव

जिला संवाददाता

अयोध्या।डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा 14 मार्च 2026 को ह्रअयोध्या में सतत पर्यटन प्रथाएँह्र विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की पर्यटन शिक्षाविद् डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव रहीं।

डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर में सतत पर्यटन को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि पर्यटन के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति का संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सतत पर्यटन से प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा होती है तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि अयोध्या की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को देखते हुए यहाँ पर्यटन के विकास में सततता और जिम्मेदार पर्यटन प्रबंधन को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्र में शोध, नवाचार और कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर समन्वयक पर्यटन प्रबंधन डॉ. महेंद्र पाल सिंह, ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यटन के विकास के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक संतुलन को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत पर्यटन के सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशुमान पाठक ने किया।इस कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार, डॉ. आशुतोष पांडेय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## सहसेवीर बाबा मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे में महापौर ने की शिरकत,



लखनऊ।कृष्णा नगर क्षेत्र में स्थित सहसेवीर बाबा मंदिर प्रांगण में शनिवार को शनि देव स्थापना वर्षगांठ उपलक्ष्य में श्री नीलवर्णम संस्थान के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे के पूर्व मंदिर में विधिवत पूजन हवन किया गया जिसके पश्चात विशाल भंडारे में अनेकों मानिंदो और भक्तगणों ने प्रसाद भोग ग्रहण किया।इस अवसर पर लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ॰ दिनेश शर्मा, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक , सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान समेत अन्य कई गणमान्य और सैकड़ों की संख्या में भक्तगण क्षेत्रवासीगण सम्मिलित हुए।

## डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर के गीत बजाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद मुकदमा दर्ज

लखनऊ।नगराम थाना क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव में बारात के दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का गीत बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया इस दौरान लाठी-डंडे चलने से चार युवक घायल हो गए शनिवार को पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है बताया जा रहा है कि 12 मार्च की रात करीब 11 बजे ग्राम बलसिंह खेड़ा में एक बारात आई हुई थी इसी दौरान बाबा साहब का गीत बजाने को लेकर कुछ लोगों में विवाद हो गया विवाद बढ़ने पर जय वर्मा विकास वर्मा लकी वर्मा पुत्तू लाल गौतम व अन्य साथियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों बेल्ट व हाथों से हमला कर दिया मारपीट में अभिषेक और अशोक के सिर में गंभीर चोटें आईं जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया वहीं पंकज की बाईं आंख व पीठ में चोट आई जबकि सियाराम और आदर्श भी घायल हो गए घटना के बाद शनिवार को पीड़ित पक्ष ने थाना नगराम पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थाना अध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध बलवा और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# समाधान दिवस में प्रधान व ग्रामीणों ने की शिकायत दबंगो ने की सरकारी जमीन पर कब्जा

लखनऊ।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र की दहियर ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपये कीमत की सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे और प्लाटिंग का मामला सामने आया है शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान ग्राम प्रधान सोनी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी को लिखित शिकायत सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत दहियर की कई सरकारी भूमि जो राजस्व अभिलेखों में बंजर तालाब और ऊसर के रूप में दर्ज हैं उन पर बिल्डरों प्रॉपर्टी डीलरों और कुछ दबंग लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है आरोप है कि इन जमीनों पर बड़े पैमाने पर प्लाटिंग कर निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है।शिकायत पत्र में बताया गया कि विभिन्न गाटा संख्या समेत कई सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर प्लॉट काटे जा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीनें सरकारी रिकॉर्ड में बंजर तालाब और ऊसर के रूप में दर्ज हैं जिनकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है महिला ग्राम प्रधान सोनी ने बताया कि पिछले करीब दो वर्षों से इस मामले को लेकर तहसील प्रशासन और सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई उनका आरोप है कि बिल्डरों के प्रभाव के चलते राजस्वकर्मियों द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया जिसका फायदा उठाकर कब्जेदार लगातार सरकारी जमीनों पर प्लाटिंग कर रहे हैं उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे और निर्माण कार्य पूरी तरह स्थापित हो जाएंगे जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान होगा वहीं प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद कानूनगो को जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि जांच में यदि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो कब्जा हटवाने की कार्रवाई की जाएगी थाना समाधान दिवस के दौरान उपनिरीक्षकों के साथ लेखपाल और कानूनगो भी मौजूद रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

# कंपोजिट विद्यालय डुमरी में वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह संपन्न



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर कंपोजिट विद्यालय डुमरी में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया।शनिवार को आयोजित समारोह का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने किया। मुख्य अतिथि वार्ड सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने कहा कि विदाई एक सतत प्रक्रिया है। बिछुड़ने का दुःख तो होता है लेकिन लक्ष्य पाने के लिए आगे बढ़ना ही होता है।विशिष्ट अतिथि महामंत्री जनपद ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन, कुशीनगर एडवोकेट उदय प्रताप सिंह ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नैतिक और संस्कारिक शिक्षा से ही राष्ट्र, परिवार और समाज का विकास होगा। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, सामूहिक गीत, नृत्य, विदाई गीत, हास्य नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौबे, अशोक कुमार पांडेय, किरन लता सहित शिक्षक शिक्षिकाओं में स्थानांतरित शिक्षक अमरेंद्र नारायण सिंह और राजेश प्रजापति को अंग वस्त्र, लेखनी भेंट कर स्वागत किया तथा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सफल संचालन शिक्षिका विभा गुप्ता ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधान कपिलदेव प्रसाद, बाबूलाल यादव, प्रबंध समिति अध्यक्ष नितल देवी, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, रूना देवी, तारा देवी, सुदामा देवी, शिक्षका शिल्पी सिंह, रत्ना सिंह, शिक्षा मित्र पुष्पा वर्मा, रामाश्रय सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सबिता, वीर बाला, इसरावती देवी सहित बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

## दो दिवसीय पेस्ट कंट्रोल टेक्निशियन ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया गया आयोजन



लखनऊ। भारत सरकार के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत कानपुर रोड स्थित पिकैडली होटल में यूपी पेस्ट कंट्रोल एसोसिएशन की ओर से शनिवार को वार्षिक उत्सव के साथ दो दिवसीय पेस्ट कंट्रोल टेक्निशियन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार सिंह स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृष्ण निर्यात उद्यान रहे।संगठन के अध्यक्ष पीडी सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा।उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार की स्किल डेवलपमेंट इनिशिएटिव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग इंडियन पेस्ट कंट्रोल एसोसिएशन द्वारा की जा रही है। यह कार्यक्रम अपने आप में ऐतिहासिक है क्योंकि भारत में पहली बार इतने बड़े मंच पर पेस्ट कंट्रोल टेक्नीशियन का संगठित एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश की समस्त पेस्ट कंट्रोल कंपनियों के टेक्नीशियन भाग ले रहे हैं।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पेस्ट कंट्रोल सेक्टर को कौशल युक्त सुरक्षि ततकनीकी रूप से सक्षम एवं संगठित बनाना है।

संक्षेप

## वीडियो प्रकरण में बीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण

उन्नाव। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। वीडियो में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एक सहायक पर एक शिक्षक से पैसे मांगने का आरोप लगाया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय ने संबंधित सहायक से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। बीएसए द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वायरल वीडियो के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, बिछिया, सरोसी के रूप में जांच समिति गठित कर दी गई है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित प्रकरण में सभी कर्मियों का पक्ष लेकर साक्ष्यों के साथ जांच आख्या शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। बीएसए ने स्पष्ट किया है कि सहायक के स्पष्टीकरण और जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## किसान की हत्या के प्रकरण में एक गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव भिखारीपुर में एक किसान की हत्या के मामले में थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की गई है। खेत की रखवाली करने गए भिखारीपुर गाँव निवासी किसान कन्हैयालाल का लहूलुहान शव बुधवार सुबह खेत में पड़ा मिला था जिसपर धारदार हथियार से हमले के निशान पाए गए थे। पुलिस ने जांच व खुलासे की कार्यवाही शुरू की थी जिसमें गांव निवासी गुलाब सिंह का नाम प्रकाश में आया था जिसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवस्थी खेड़ा से भिखारीपुर जाने वाली रोड से शनिवार भोर पहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद करने का दावा किया है और गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही शुरू की है।

## सड़क हादसे में चाचा भतीजे की मौत, मामा घायल

सीतापुर। बिसवां थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने आनन-फानन में तीनों को अस्पताल पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के थाना बड्डूपुर अंतर्गत गौराभारी निवासी ललित गिरि अपनी बहन के घर सकरन थाना क्षेत्र के दुदगढ़ गाँव आए थे। शनिवार दोपहर ललित अपने भांजे आदेश गिरि 15 और बहनोई गुड्डू गिरि 30 के साथ बाइक पर सवार होकर जलालपुर भडिया में आयोजित एक भंडारे में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में ब्रजबाशिन पुरवा सरैया गाँव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने आदेश और गुड्डू (चाचा-भतीजे) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल ललित गिरि को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और विधिक कार्रवाई जारी है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के गाँव दुदगढ़ में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## करंट लगने से महिला की मौत

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बगैर पोस्टमार्टम के ही पंचनामा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर खरिका निवासी उमा देवी (53) पत्नी उमेश चंद्र पांडे शुक्रवार शामको अपने घर में लगे नल पर कपड़े धो रही थीं। बताया जा रहा है कि उस नल से जेट पंप भी जुड़ा हुआ था। इसी दौरान जब उन्होंने नल का हत्था चलाया तो अचानक करंट की चपेट में आ गईं। करंट लगने से वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने जब उमा देवी को जमीन पर गिरा देखा तो आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर शिवाकांत पटेल ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई एसआई भर्ती परीक्षा



जिला संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश पुलिस की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा शनिवार से जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। 14 और 15 मार्च को आयोजित हो रही इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां करीब 11,520 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा के लिए शनिवार सुबह बड़ी संख्या में अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए। खास बात यह रही कि इस बार परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है और कुल अभ्यर्थियों में लगभग 56 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को सुबह आठ बजे से ही प्रवेश दिया गया लेकिन इससे पहले उनकी सघन जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। कई परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों से जूते और बेल्ट तक उतरवाकर जांच की गई ताकि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा कक्ष के अंदर न ले जाई जा सके। इसके अलावा कानों में पहने गए ब्लूटूथ डिवाइस और ज्वैलरी भी उतरवा दी गई। नकल पर पूरी तरह रोक लगाने और परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए परीक्षा कक्षों और पूरे परिसर की लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर आंतरिक और बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। ये सभी अधिकारी परीक्षा प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो सके। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने और जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## तीन केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा



फतेहपुर। प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण का आयोजन फतेहपुर जिले में तीन प्रमुख केंद्रों पर हो रहा है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकल-रहित और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र सिंह तथा पुलिस महानिरीक्षक आईजी रेंज प्रयागराज अजय कुमार मिश्रा ने आज निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय तथा ए.एस. इंटर कॉलेज फतेहपुर पहुंचकर प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा का जायजा लिया। दोनों पालियों की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य सुरक्षा प्रोटोकॉल की सघन जांच की।जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या अच्छी रही और किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायत नहीं मिली। आईजी अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि योग्य अभ्यर्थी ही चयनित हो सकें।इस निरीक्षण अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की धांधली पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा का अगला चरण भी इसी तरह सकुशल संपन्न करने की तैयारी चल रही है।

# आदेश बेअसर, डॉक्टर मरीजों को लिख रहे बाहर की दवाएं



उन्नाव।एक रूपए में ओपीडी पर्चा बनवाकर जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को डॉक्टर बाहर की महंगी दवाएं लिख रहे हैं।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से लेकर अधिकारियों के आदेश तक उन पर असर नहीं है। मामूली बीमारी होने पर भी बिल एक हजार रुपए तक पहुंच रहा है।

जिला अस्पताल में ओपीडी व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए एक रुपए का पर्चा बनवाना पड़ता है। इस पर्चे पर डॉक्टर की सलाह,दवाएं और जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ओपीडी के बनने वाले पर्चे पर ही डॉक्टर मरीजों को वह दवाएं लिखते हैं जो अस्पताल में उपलब्ध होती हैं। लेकिन कमरा नंबर 14 में फिजिशियन महिला डॉ कृतिशा चन्द्रा मरीजों को साथ में एक छोटी पर्ची और दे रहीं हैं। जिस पर बाहर की दवाएं लिखी होती हैं। यह दवाएं अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर पर मिलती हैं। जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को डॉक्टर जो दवाएं लिख रहे हैं उन पर उन्हें 50 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है।

### मरीज ने बतायी व्यथा

उन्नाव के संतकुमार ने बताया की तीन दिन से बुखार आ रहा शनिवार को जिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने दवाओं की दो पर्ची दी एक पर्ची पर दवाएं दवा वितरण कक्ष से मिली वहीं दूसरी पर्ची से मेडिकल स्टोर से लेनी पड़ी।

### बोले जिम्मेदार

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया डाक्टरों को निर्देश है कि वह केवल दवा वितरण कक्ष और जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाएं ही मरीजों को लिखें। अगर कोई डॉक्टर बाहर की दवा लिख रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा।

## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद, सीतापुर। सीता इण्टर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान टोलियां बनाकर शिविरार्थियों ने रमुआपुर में लोगो को स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण जैसे मुद्दे पर जागरूक किया। शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के फायदे बताते हुए विस्तार से चर्चा की।



सीता इण्टर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी कार्यक्रम अधिकारी शिव सेवक मिश्र के नेतृत्व में रमुआपुर पहुँचे। शिविरार्थियों ने टोलियां में बनाकर गांव का भ्रमण किया और लोगो को जल संरक्षण की महत्ता बताई। विद्यार्थियों ने बताया कि पानी बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। गर्मियों में जल स्तर नीचे जाएगा जिससे कई इलाकां में पेयजल की समस्या हो सकती है। इसके लिए हम सबको अधिक से अधिक जल बचाना होगा। शिविरार्थियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि मौसम बदल रहा है अपने घरों के आसपास गंदा पानी व कूड़ा-करकट इकट्ठा न होने दें। गंदगी और ठहराव वाले गंदे जल में मच्छर पनपते हैं जिससे संक्रामक बीमारियों का खतारा बढ़ता है। लोगों को पाल्य-पाल्यों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

# सियार ने हमला कर चार लोगों को किया घायल

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के कमईपुर गांव में शुक्रवार देर रात एक सियार ने आबादी में घुसकर चार लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। सियार ने अचानक लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया और एक के बाद एक चार ग्रामीणों को बुरी तरह नोच डाला।

ग्रामीणों की चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद सियार खेतों की ओर भाग गया। हमले में बब्बू (40 वर्ष), अल्ताफ (50 वर्ष), मुन्ना (60 वर्ष) और नायला (17 वर्ष) घायल हो गए। परिवार के सदस्यों ने रात में ही एक निजी चिकित्सक से उनका प्राथमिक उपचार करवाया। घायल बब्बू ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 8रू30 बजे वह और उनके पड़ोसी घर के बाहर बातचीत कर रहे थे, तभी सियार ने अचानक उनके पैर में काट लिया। बचाव के दौरान सियार ने उनके दोनों हाथों को भी घायल कर दिया। उन्हें बचाने आए अल्ताफ और मुन्ना को भी सियार ने पैरों में काटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर पड़ोस के घर से निकली नायला पर भी सियार ने हमला कर उसके पैरों में काट लिया। शनिवार सुबह चारों घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख जाकर इंजेक्शन लगवाए और दवा ली। इस घटना के बाद से कमईपुर गांव के ग्रामीणों में सियार को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

# यूपीएससी परीक्षा में अमन वर्मा ने सफलता हासिल कर गांव का नाम रोशन किया

पाटन, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के कस्बा पाटन निवासी होनहार युवक द्वारा यू पी एस सी परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव पहुंचने पर जश्न मनाकर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

स्थानीय कस्बा पाटन निवासी अमन वर्मा ने यू पी एस सी सिविल सेवा सर्विस परीक्षा मे 505 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया। शनिवार को अमन वर्मा पने राम सुन्दर व माता कमलेश के गांव पाटन के योगी मुहल्ला पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाएं और गोला ,पटाका और आतिशबाजी कर सम्मानित किया। अमन ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा यही गांव से हुई है। गांव से मेरा सदैव लगाव रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरी



सफलता में मेरे माता पिता के साथ साथ आप सब का आशिर्वाद रहा है। जिससे बिना किसी कोचिंग के यह सफलता हासिल किया है। यह सफलता आप भी के आशीर्वाद से मिली है। मेरा लक्ष्य आई ए एस बनना है। प्रधान कुलदीप चैधरी ने राम दरबार भेट कर सम्मानित किया। गांव पहुंचने पर अमन को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इस मौके पर मनोज त्रिवेदी, जय शंकर अवस्थी, सतीश, धुन्नू बिन्दा आयुष, गोपाल, राकेश, छेदी, कल्लू, राम सुमेर, राज बहादुर, रमेश, राजू राकेश अंकित, देवी शंकर लल्ला नवीन प्रवीन आदि बड़ी संख्या में मौजूद लोगो ने बधाई देकर एव आशीर्वाद दिया।

# गैस सिलेंडर के लिए भारी भीड़, उपभोक्ता परेशान




जिला संवाददाता

हिलौली, उन्नाव। जिले के मौरावां थाना क्षेत्र में इंडियन गैस सिलेंडर की कमी की अफवाहों के कारण गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, जिससे प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

मौरावां में घरेलू गैस को लेकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। शहर की कई गैस एजेंसियों पर बुकिंग ठप पड़ी है। उपभोक्ता घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। एजेंसियों के मोबाइल नंबर लगातार स्विच ऑफ बताए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इंडियन ऑयल की गैस बुकिंग व्यवस्था भी प्रभावित बताई जा रही है। हाल ही में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने किसी भी समस्या से इनकार किया था। हालांकि, जमीनी हकीकत पर ये आश्वासन पूरी तरह से झूठे साबित हो रहे हैं। कई एजेंसियों पर कालाबाजारी चरम पर होने के आरोप लग रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब प्रशासन गैस की किल्लत नहीं होने का दावा कर रहा है, तो फिर बुकिंग क्यों बंद है और एजेंसी संचालक फोन स्विच ऑफ क्यों कर बैठे हैं? जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने भी इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। मौरावां में कालाबाजारी करने वालों ने कथित तौर पर 1500 रुपये से कम में गैस न बेचने की मानो कसम ही खा रखी हो, जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ गई है।

## हलोर गांव में होली मिलन समारोह हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल



महराजगंज रायबरेली। हलोर गांव में आयोजित होली मिलन समारोह हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान संत कुमार चैधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली जैसे त्योहार समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देते हैं। हलोर गांव का यह आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है और ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का काम करते हैं।कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। ग्रामीणों ने देर तक कार्यक्रम का आनंद उठाया और एक-दूसरे को होली की बधाई देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी चौधरी बछरावां, प्रधान पुरासी गंगासागर पांडे, रविराज सिंह, प्रधान केशव चौधरी, राम लखन यादव, श्रवण कुमार चौधरी, बबलू श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान सत्रोहन सोनी, अयाज खान, अरविंद मिश्रा, तेज बहादुर लंबरदार, रामप्रताप चैधरी, जमुना प्रसाद मिश्रा, रामफेर तिवारी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रैक्टर चालक झुलसा

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथखेड़ा मजरे बिहार में सरसों का भूसा लेने जा रहे ट्रैक्टर का डाला मे लगी सरिया 11 हजार बिजली लाइन के झूलते तारों में ट्रैक्टर ट्राली का एंगल छू जाने से करंट की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप झुलस गया। ग्रामीणों की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ट्रैक्टर सहित ट्राली में आग लग जाने से धू धू कर जलने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदत से जलती आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बदनखेड़ा मजरे मनिकापुर निवासी शिव प्रकाश साहू की टैक्टर ट्राली शनिवार को ग्राम रघुनाथखेड़ा मजरे बिहार मे सरसों का भूसा लेने जा रहा था। ट्रैक्टर ट्राली के गले हुए लोहे के एंगल 11 हजार बिजली लाइन के झूलते हुए तारों में छू जाने से अचानक ट्रैक्टर ट्राला मे करेंट आ गया। ट्रैक्टर मे चालक सहित तीन लोग सवार थे। करेन्ट की चपेट मे आ जाने से दो मजदूर ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई। वही चालक गोविन्द उर्फ मुनई 40 वर्ष पुत्र गंगाराम लोध निवासी मधुकरपुर खेड़ा पूरी तरह करेन्ट की चपेट मे आने से झुलस कर घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदत से प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र उपचार हेतु ले जाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा व थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह गौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। वही फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

## 19 मार्च को शुभ संवत 2083 का शुभारंभ होगाः ऋषि कान्त शास्त्री



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री ने बताया श्री शुभ संवत 2083 का शुभारम्भ 19 मार्च दिन गुरुवार को हो रहा है क्योंकि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा क्षयवती विगत अमावस्या को सुबह 6 बजकर 40मिनट में समाप्त हो जाती हैं और क्षयवती प्रतिपदा तिथि संवत्सर का प्रारंभ हो रहा है इस लिए सर्व शास्त्र सम्मत माना जाएगा। संवत्सर के राजा गुरु और मंत्री मंगल है ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरंभ चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को किया था और इसी दिन से सतयुग का आरंभ हुआ था यह सर्व विदित है सूर्योदय के साथ रौद्र नामक संवत का स्वागत पूजन पंचांग श्रवण तथा अपने अपने घरों देवालयों को तोरण ध्वजा पताका से सुसज्जित कर बासंतिक नवरात्र कलश स्थापित कर माता भगवती के नौ रूपों की स्थापना कर विधि विधान से पूजा आराधना एवं श्री दुर्गा सप्तशती पाठ करना चाहिए अथवा सुयोग्य आचार्य के द्वारा कराना चाहिए जिससे वर्ष पर्यन्त सब प्रकार से शुभ फलों की प्राप्ति होती रहेगी। भगवती के नौ रूपों में 26 मार्च गुरुवार को महागौरी महाष्टमी व्रत किया जायेगा सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों के यहां नवमी पूजा भी 26 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजकर 2 मिनट के बाद करें तथा पूर्ण नवरात्र व्रत की पारणा भी कर ली जाएगी। रामावतार की राम नवमी पूजा देश भर में 27 मार्च शुक्रवार को विशेष रूप से रामलला की जन्मस्थली अयोध्या में बहुत ही धूमधाम से शास्त्रीय एवं पारम्परिक रूप के अनुसार मनाई जाएगी। आज ही के दिन परम पूज्य गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा श्री राम चरित मानस की रचना प्रारंभ की थी। तथा इसी के उपलक्ष्य में राम चरित मानस की जयंती मनाई जाती है। इस प्रकार धर्म शास्त्र मयार्दा के नियमानुसार क्षयवती प्रतिपदा में ही नवसंवत्सराम्भ हो जायेगा कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः काल 6 बजकर 40मिनट के बाद दिन भर किसी भी समय किया जा सकता है जो कि समस्त जनमानस के लिए सुभिक्ष कारक रहेगा। अतः सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों से निवेदन है कि मनमुखी विचारों से बचें और शास्त्र सम्मत धर्म का पालन करें तभी सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का संरक्षण होगा अतः धर्म का आचरण करें और अधर्म से बचें रहें।

## ट्रक की टक्कर में ऑटो चालक की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत तकिया चैराहे पर ट्रक की टक्कर से एक आटो चालक की मौत हो गई है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के पतौली सराय निवासी लगभग चालीस वर्षीय मुजीब तकिया चैराहे से बांगरमऊ के बीच ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को भी रोज की तरह तकिया चैराहे पर आटो में सवारियां बैठा रहा था तभी लखनऊ की तरफ से आ रहे ट्रक ने मुजीब को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक टक्कर मारते हुए भाग निकला। टक्कर लगने से ऑटो चालक की मौत होने से वहां भीड़ जमा हो गई जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। आटो चालक मुजीब की मौत की सूचना जैसे ही गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रास्ता साफ कराकर वाहनों को निकलवाकर आवागमन चालू कराया। मृतक के तीन बच्चे हैं जो रो रो कर बेहाल होते रहे।

## महिला ने अपनी मासूम बच्ची को नहर में फेंका, मौत

सीतापुर। जिले के सिधौली इलाके में मानसिक रूप से बीमार महिला ने अपनी छह महीने की मासूम बच्ची को शारदा सहायक नहर में फेंक दिया। करीब एक घंटे की तलाश के बाद बच्ची को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज गांव में शनिवार दोपहर वंदना का अपने पति विपिन से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद वंदना ने गुस्से में अपनी छह महीने की बेटी काव्या को लेकर गांव के किनारे शारदा सहायक नहर के पास पहुंच गई। उस समय नहर में पानी तेज बहाव के साथ बह रहा था। महिला ने बच्ची को नहर में फेंक दिया। यह देखकर पीछे-पीछे आ रहे परिजन और आसपास मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बच्ची को बचाने के लिए कई ग्रामीण तुरंत नहर में कूद पड़े और उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने नहर में खोजबीन की। इसी दौरान घटना की सूचना सिधौली कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और बचाव दल की टीम मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्ची की तलाश में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद बच्ची को नहर से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अनुदेशकों का मानदेय 17 हजार रुपये हुआ विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने परिषदीय अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17 रुपए प्रति माह कर दिया है। इसके साथ ही, उन्हें 5 लाख रुपए तक की कैशलेस इलाज की सुविधा भी मिलेगी। इस निर्णय से अनुदेशकों में खुशी का माहौल है। अनुदेशक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बांसी विधायक जय प्रताप सिंह का स्वागत कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस फैसले को सराहा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे हजारों अनुदेशकों को इससे बड़ी राहत मिली है। कैशलेस इलाज की सुविधा से अनुदेशकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सकेगी। परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनुदेशकों की समस्याओं को गंभीरता से समझा है। इस कदम से प्रदेश के लगभग 25 हजार अनुदेशकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। पांडेय ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अनुदेशकों के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में रामानंद उपाध्याय, लवकुश चौधरी, सत्य मृत्युंजयधर, सत्यपाल सिंह, कैलाशनाथ, देवेंद्र चौधरी, शरद और दिलीप सहित कई अन्य अनुदेशक उपस्थित थे। सभी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

संक्षेप

## अतर्रा में 10 घंटे आज ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**बांदा।** आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए उपकेंद्र अतर्रा में 15 मार्च (रविवार) को महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। उपकेंद्र में स्थापित सभी पुरानी मशीनों को हटाकर नई मशीनें लगाई जाएंगी, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था और अधिक सुचारू हो सके। इस कार्य के चलते प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। हालांकि कार्य की स्थिति के अनुसार समय में परिवर्तन भी संभव है। विद्युत विभाग ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने आवश्यक कार्य सुबह 8 बजे से पहले ही पूर्ण कर लें तथा धैर्य बनाए रखें। अवर अभियंता अजय कुमार कनौजिया ने बताया कि उपकेंद्र में नई मशीनें लगने से भविष्य में बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और बेहतर होगी। विभाग ने अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** थाना जाखलौन पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना जाखलौन पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 140/2025 धारा 137(2), 64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त ग्राम जमुनिया निवासी अजय पुत्र उधम को 14 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना जाखलौन के थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गयी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

ललितपुर। जिले के ग्राम सिलगन निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने का मामला सामने आया है।

परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिलगन निवासी कल्लू रायकवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 मार्च 2026 को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उनका पुत्र हीरो रायकवार अपने घर पर था।

इसी दौरान गांव का ही दीपक कुशवाहा पुत्र बाबू कुशवाहा उनके घर आया और हीरो को अपने साथ चलने के लिए कहा। इसके बाद हीरो रायकवार अपने दोपहिया वाहन संख्या यू.पी.94 ए.जे.1069 से दीपक कुशवाहा के साथ चला गया। बताया गया कि रात करीब 8 बजे ग्राम जमालपुर मजार के पास ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी कि हीरो रायकवार का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस डायल 112 ने दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने हीरो रायकवार को मृत घोषित कर दिया।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद के 8 सेंटरों पर आयोजित हो रही उ.प्र. उप निरीक्षक परीक्षा-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य

**● पुलिस भर्ती परीक्षा, चप्पे-चप्पे पर रहा पुलिस का चौकस पहरा**

व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नेहरू महाविद्यालय भाग 1 व भाग 2, रघुवीर सिंह महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, पीएन इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, वर्णी जैन इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के कण्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी, जिसमें परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पाये गए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक/सहायक केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा सहायकों को निर्देश दिए कि सभी कैमरों का संचालन सुचारु रखा जाए और पूरे समय सचेत रहकर कैमरों का संचालन देखते रहें। परीक्षा को पूर्णतरू नकलविहीन सम्पन्न कराने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र के भीतर मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, स्मार्ट ग्लासेज, नेक बैंड आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसपर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों सहित डयूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारियों का बायोमैट्रिक और फेस वैरिफिकेशन व सघन तलाशी ली जाए।

उन्होंने सभी सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे और किसी भी घटना की जानकारी तत्काल हमे देंगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कोई अराजक तत्व परीक्षा में व्यवधान न डाल पाए, यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के अंदर व बाहर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें। किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा। आज की परीक्षा की प्रथम पाली में पंजीकृत 2400 परीक्षार्थियों में से 1520 उपस्थित तथा 880 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में पंजीकृत 2400 परीक्षार्थियों में से 1548 उपस्थिति तथा 852 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं सतत निगरानी में परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## न्यूनतम मजदूरी दिलाने की मांग

ललितपुर। जल संस्थान झांसी डिवीजन की शाखा जल संस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पंप ऑपरेटर व लाइनमैन मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी दिलाने तथा आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है। मजदूरों का कहना है कि वे वर्ष 2001 से जल संस्थान के अंतर्गत ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ठेकेदार के माध्यम से बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पंप ऑपरेटर को लगभग 4000 रुपये प्रतिमाह तथा लाइनमैन मजदूर को करीब 5500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाता है, जो शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। मजदूरों का कहना है कि इतने कम वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च चलाना भी कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी तय की गई है, जिसका लाभ उन्हें भी मिलना चाहिए। मजदूरों ने मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी उनके बैंक खातों में दिलाई जाए और उन्हें आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किया जाए।

साथ ही उनकी आर्थिक समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द समाधान किए जाने की मांग भी की गई है। इस संबंध में मजदूरों ने संबंधित अधिकारियों से समस्या का शीघ्र निराकरण कराने की अपील की है।

## उच्चाधिकारियों ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जनपद महोबा में आयोजित उपनिरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अमले के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, तैनाती एवं उनके द्वारा निभाए जा रहे दायित्वों की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए।

## ट्रकों की टक्कर से छात्र की मौत, दो घायल

**बांदा।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से छात्र की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका भाई मामूली रूप से घायल हो गया। कोतवाली देहात क्षेत्र के महोखर गांव निवासी हिमांशू 16 कक्षा 8 का छात्र है। व अपने भाई पुष्पेन्द्र के साथ सरस्वती प्रकाश मंदिर से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान बांदा से महोखर को जा रहे गिट्टी से भरे ओवर लोड ट्रक ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि ट्रक लगभग 30 फिट तक छात्र हिमांशू को घसीटता चला गया। घटना के बाद मौके पर पहुचे आस-पास के लोगों और परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, सडक जाम कर दी और ट्रक के शीशे तोड दिए। काफी देर तक सडक में ट्रकों की कतार लगी रही जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी कोतवाली देहात चन्द्र प्रकाश तिवारी तत्काल घटना स्थल पर पहुचे। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक छात्र के शव को आटो से अस्पताल पहुचाया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। दूसरी घटना में खुरहंड स्टेशन छिबांव रोड के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग में सुबह करीब 9 बजे अतर्रा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार लकड़ी भरे ट्रक ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें खुरहंड स्टेशन निवासी अमन गुप्ता 25 हादसे में बुरी तरह घायल हो गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने कई बार एम्बुलेंस एवं स्थानीय पुलिस को फोन किया लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा तब मौके पर पहुंचे परिजनो ने आनन फानन निजी गाड़ी से उपचार के लिए बांदा से कानपुर ले गए वहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## आरएसएस पदाधिकारी और पड़ोसी के घर में घुसकर हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** जिले के पुराने धामपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता तथा उनके पड़ोसी पर कथित रूप से घर में घुसकर हमला करने को लेकर अन्य समुदाय के युवक को गिरफ्तार किया गया है। धामपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि पुराने धामपुर में शनिवार सुबह करीब चार बजे उसी इलाके के शोएब ने अपने परिजनों के साथ अमित शर्मा और उनके पड़ोसी आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन चौहान के घरों में घुसकर हमला किया। हमले के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर दोनों घरों में तोड़फोड़ भी की। शर्मा ने आरोप लगाया कि हमलावर घर से 4.75 लाख रुपये नकद और गहने लूटकर ले गये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि कानून की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मुख्य आरोपी शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## भाजपा कार्यालय में भाईचारे का प्रतीक फूलों की होली



**बांदा।** भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को होली पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। फूलों की होली ने लोगों में भारतीय संस्कृति, भाईचारा, उत्साह, उमंग और बुंदेली योग संस्कृति को संजोने का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में एक तरफ कलाकारों ने शिव-पार्वती व राधा-कृष्ण का नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा, वहीं दूसरी तरफ लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। हास्य कलाकारों ने भी गीत व संगीत के जरिए सबका मन मोह लिया। संगीत पार्टी के सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों से लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया। जबकि महिलाएं भी कलाकारों के बीच थिरकने से अपने को रोक न सकीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है। होली का त्योहार सामाजिक समरसता व सौहार्द का पवित्र संदेश देता है।

इस त्योहार का पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं और ठण्डाई व पकवान का आनंद लिया। इस दौरान जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, विवेकानंद गुप्ता, उत्तम सक्सेना, वंदना गुप्ता, जागृति वर्मा, पंकज रैकवार, अशोक गुप्ता व अजय पटेल मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 के फील्ड कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो: एडीएम

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज में संचालित फील्ड ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल देर समापन हुआ। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि आज फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में भेजकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, ताकि प्रेक्टिकल कार्य पूर्ण दक्षता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने उपस्थित फील्ड ट्रेनर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ पूरा करने के लिए ध्यान पूर्वक एवं गहनता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें और अपनी शंकाओं का समाधान भी उपस्थित उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स से कर लें ताकि फील्ड में कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से व्यवहारिक रूप से परिचित कराना और दक्षता प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला प्रभारी जे0पी0 यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण अंतर्गत प्रथम बैच की ट्रेनिंग आज पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को तथा तीसरे व अंतिम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रैनर डॉ आकाश अग्रवाल, डॉ अमित कुमार एवं डॉ राजीव बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर्स मौजूद रहे।

# खाते में शून्य बैलेंस होने पर अपने आप कट जायेगी बिजली

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 लखनऊ ने पूरे प्रदेश में 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू कर दी है। प्रदेश में 13 मार्च से स्मार्ट प्री-पेड व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जायेगी। इस दौरान प्री-पेड उपभोक्ताओं के खाते में बैलेन्स शून्य हुआ, तो बिजली अपने आप कट जायेगी। प्रदेश में प्री-पेड मीटर लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है। पावर कारपोरेशन ने इसे 13 मार्च से पूरी तरह लागू करने का आदेश दिया है। इस तिथि के बाद यदि प्री-पेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के खाते में बैलेन्स खत्म होता है, तो उसकी बिजली स्वतः ही कट जाएगी। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को अलर्ट मैसे भी भेजे जा रहे हैं। इसमें अपने बैलेन्स को चैक करके एवं उसके सकारात्मक बैलेन्स बनाये रखने की अपील की जा रही है। साथ ही बताया जा रहा है कि रिचार्ज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की वेबसाइट, मोबाइल एप, भीम, फोन-पे, गूगल-पे आदि डिजिटल माध्यम से घर बैठे किया जा सकता है।

इसके अलावा विभागीय काउण्टर पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद ललितपुर में विद्युत विभाग के 1.67 लाख विद्युत उपभोक्ताओं में से 32 हजार उपभोक्ताओं के यहॉ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जिनमें से 31 हजार 600 मीटर प्री-पेड किऐ जा चुके हैं। इन उपभोक्ताओं की जो सिक्योरिटी विभाग में जमा है, उसे शुरूआती रिचार्ज के रूप में समायोजित किया जा रहा है।

अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर का बैलेन्स निगेटिव में चल रहा है। वह तुरन्त ऐप डाउनलोड कर अपने मीटर का रिचार्ज कर लें अथवा विद्युत विभाग के कैश काउण्टर, विद्युत उपकेन्द्र, उपखण्ड कार्यालय, खण्ड कार्यालय में पहुँचकर सम्पर्क करते हुए अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं और विद्युत विच्छेदन जैसी असुविधा से बचें। उपभोक्ताओं द्वारा अपनी समस्या के समाधान हेतु केन्द्रीयकृत टोल फ्री नम्बर 1912 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

# मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के पटलों का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ीकरण करने तथा आमजन को सुलभ सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मंडल आयुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे ने कलेक्ट्रेट के सभी पटलों एवं न्यायालय का निरीक्षण कर उनके कार्यों की समीक्षा की और मैन्युअल कार्यों को डिजिटाइज करके अध्ययन करने के निर्देश दिए। डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो. मुस्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम (न्यायिक) अशोक कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी पटल प्रभारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने

**● समस्या निस्तारण के लिए अपने पटल को अप टू डेट रखें: मंडलायुक्त**

**● बीएलओ, सुपरवाइजर और तहसीलदारों को दिए निर्देश, मतदाताओं से भी किया संवाद**

कहा कि आमजन की समस्याओं को सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए हमे अपने पटल को अप टू डेट रखना होगा तभी हम फरियादी की समस्या का त्वरित समाधान कर पाएंगे। मंडलायुक्त ने शस्त्र अनुभाग का निरीक्षण कर पटल प्रभारी को निर्देश दिए की शस्त्र नवीनीकरण की तिथि से तीन महत्वपूर्ण शस्त्र स्वामियों को नोटिस भेज कर सूचित किया जाए कि वे निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्रों का नवीनीकरण करा लें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कलेक्ट्रेट न्यायालय का निरीक्षण कर कंप्यूटर पर स्वयं बैठकर दर्ज वादों की समीक्षा की, इसमें कई वाद अनलिस्टेड मिले, उन्होंने निर्देश दिए की ऐसी वादों की तिथि निर्धारित कर उन्हें लिस्टेड किया जाए और निर्धारित तिथि तक उन्हें निस्तारित कराया जाए। मंडलायुक्त ने राजस्व संग्रह अनुभाग का निरीक्षण कर सीआरए को निर्देश दिए कि सेवानिवृत होने वाले अमीनो की लंबित आरसी को नए अमीनो के कार्यों में शामिल करते हुए जल्द से जल्द उनका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के डिस्पैच पटलों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सभी कक्षों के डिस्पैच रजिस्टरों को कंप्यूटराइज किया जाए और जिन कार्मिकों के पास कम्प्यूटर नहीं है, उन्हें कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाए। कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के पूर्व मंडलायुक्त ने निर्वाचन नामावलियों के गहन पुनरीक्षण कर के अंतर्गत जनपद के पोलिंग बूथ पर कार्यरत ब्लू सुपरवाइजर और संबंधित तहसीलदारों से वर्चुअल मीटिंग कर फार्म 6, 7 और 8 के संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की और मौके पर बूथों पर उपस्थित मतदाताओं से भी वर्चुअल संवाद किया।

## रमजान में इंसानियत यूनिट ने जुर्माना अदा कर दो कैदियों को जेल से कराया आजाद



**बिजनौर।** ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना स्योहारा की तरफ से ईद के मौके पर मुरादाबाद जेल में बंद दो कैदियों पिंटो शर्मा धामपुर व शादाब अहमद मेरठ को उनका जुमार्ना जमा कर जेल से रिहा कराया गया। इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की ने बताया यह उन कैदियों को छुड़ाया जाता है जो अपनी सजा पूरी होने के बावजूद मजबूरी में जुमार्ना जमा न करने के कारण जेल में कैद रहते है। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में जेल प्रशासन से मिलकर ऐसे लोगों की लिस्ट लेकर उनका जुमार्ना बिना धर्म भेदभाव के ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म अपनी तरफ से जमा करती है और उनको एक शरीफ और अच्छा नागरिक बनने का मौका देती है।

इस मौके पर मुफ्ती फूजेल ने बताया कि ऐसा काम करने के बाद ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट की टीम को बहुत सुकून मिलता है जो अपनी मजबूरी की वजह से जेल में बंद होते हैं, उन्हें उनके परिवार से मिलवा कर सुकून मिलता है।

इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत चुके पूरे भारत में सर्दियों में गर्म चाय, गरम कपड़े और लिहाफ कंबल वगैरा निः शुल्क बांटने का काम करती है और गर्मियों में लोगों को बस स्टैंड चैराहे पर ठंडा पानी और ठंडा शरबत निः शुल्क बाटती है और आपस में प्यार मोहब्बत का पैगाम देती है। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यह सब कार्य बिना किसी भेदभाव के जारी रखे हुए हैं। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना स्योहारा ने सर्दियों में मुरादाबाद अलीगढ़ बिजनौर आदि जेल के अंदर प्रशासन की मदद से गरम शॉल वितरित की थी और रमजान में जो रोजेदार लोग होते हैं और उनका कोई सहारा नहीं होता उनका रोजा सुकून से गुजरे उन्हें एक रमजान किट भी फ्री बाटी गई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की खिदमत का काम आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की, मुफ्ती फूजेल, हाजी तंजील आलम मौजूद रहे।

## गंगा बैराज में कूदकर सिपाही ने की आत्महत्या

**बिजनौर।** बिजनौर अभियोजन कार्यालय के एक सिपाही ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। सिपाही का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने शनिवार को बताया कि बिजनौर अभियोजन कार्यालय में तैनात सिपाही नितिन वत्स (36) ने शुक्रवार को गंगा बैराज में कूदकर आत्महत्या कर ली।

घटनास्थल पर नितिन की मोटरसाइकिल मिली है। शनिवार को गोताखोरों ने नितिन का शव बरामद किया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,19,814 वाद निस्तारित, 9,33,612 वसूले

जिला संवाददाता



**बांदा।** जिला मुख्यालय व अतर्रा, बबेरू, नरैनी एवं तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का शनिवार को आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अल्पना ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रभारी सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पिता सिंह प्रथम ने बताया कि लोक अदालत में 1,19,814 वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए गये और 9,33,612 रुपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। जनपद न्यायाधीश अल्पना ने सिविल व क्रिमिनल के 14 वाद निस्तारित कर 1000 रुपये अर्थदण्ड लगाया। प्रथम पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजीव कुमार ने 52 वाद निस्तारित कर 1,54,00,000 रुपये बीमा कंपनियों से पीड़ित पक्षो को दिलाए। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रदीप सिंह ने पारिवारिक वादों से संबंधित 59 वाद निस्तारित किए साथ ही प्री-लिटिगेशन के दो वाद निस्तारित किए। डॉ विकास श्रीवास्तव प्रथम अपर जिला जज दो वाद निस्तारित कर 1,24,110 रुपये अर्थदण्ड लगाया। गगन कुमार भारती अपर जिला जज एससी, एसटी ने 5 वाद, छोटेलाल यादव अपर जिला जज 5, श्रीपाल सिंह विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने विद्युत अधिनियम संबंधी 32 वाद निस्तारित कर 6,89,957 रुपये अर्थदण्ड लगाया साथ ही विद्युत के 5 हजार वाद प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किए। अर्पिता सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन ने उत्तराधिकार के 9, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार चैधरी ने एमवी एक्ट के सबसे अधिक 3 हजार वाद निस्तारित कर 2 लाख रुपये अर्थदण्ड लगाया। अपर सीजेएम रेलवे 531, सिविल जज जूनियर डिवीजन अर्पिता साहू ने उत्तराधिकार के 39, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन ने तीन वाद सुलह के जरिए निस्तारित किए। अतिरिक्त सिविल जज एफटीसी-1 ने 7 वाद, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी 12, सिविल जज जूनियर डिवीजन अतर्रा 7, आलोक कुमार वर्मा न्यायाधिकारी नरैनी 3, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा 14 लघु वाद व एनआई एक्ट संबंधी 6 वाद निस्तारित किए। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्यवीर सिंह ने 6 लघु वाद व 6 एनआई एक्ट वाद निस्तारित किए। बैंक ने 1743 वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कर 27,52,00,000 रुपये कर्जदारों से वसूल किए तथा बीएसएनएल ने 24 वाद निस्तारित कर 12,297 वसूले। लोक अदालत उद्घाटन समारोह में सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, सचिव राजेश कुमार त्रिपाठी, रविशंकर जिला अग्रणी प्रबंधक बैंक, न्यायालय प्रबंधक भारत भूषण वर्मा व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## विवाहिता फांसी पर झूली

बभनी (सोनभद्र) स्थानीय थाना बभनी अंतर्गत पोखरा गांव में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पोखरा निवासी राम प्रसाद ने थाने में लिखित सूचना दी कि उनकी पत्नी फुलेसरी देवी (उम्र करीब 30 वर्ष) ने शुक्रवार (13 मार्च 2026) की रात घर के पास स्थित एक महुआ के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव ने बताया की घटना के संबंध में सूचना दर्ज कर ली गई है।शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## ट्रेन हादसे में युवक की मौत

बीना/सोनभद्र। स्थानीय चौकी अंतर्गत शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे कृष्णशिला जीएम ऑफिस के सामने बनी पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति रेलवे ट्रेन की चपेट में आ गया।बताया जा रहा है कि हादसे में अरुण वियार पुत्र मुन्नालाल, उम्र 19 वर्ष निवासी घरसंड़ी पहाड़ी, चैकी बीना, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका दाहिना हाथ कट गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को उपचार के लिए अटल हॉस्पिटल, बीना पहुंचाया अत्यधिक रक्त स्त्राव की वजह से स्थिति काफी गंभीर हो गई थी।अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

## बलात्कार के आरोप में युवक गिरफ्तार

बलिया। जिले की रसड़ा पुलिस ने एक किशोरी को कथित रूप से शादी का झांसा देकर सात साल तक बलात्कार करने के आरोप में 26 वर्षीय युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी को थाना क्षेत्र के मेरू राय का पुरा गांव का राजू प्रजापति नामक विजातीय युवक शादी का झांसा देकर करीब सात वर्ष से शारीरिक संबंध बनाता रहा और उसके साथ पति के रूप में रहता रहा। किशोरी ने जब राजू से शादी करने की बात कही तो राजू प्रजापति ने शादी करने से इनकार कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक गुप्ता ने शनिवार को बताया कि इस मामले में किशोरी की शिकायत पर राजू के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को रेलवे स्टेशन रसड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। वर्तमान समय में किशोरी की उम्र 23 साल है।

# छह केंद्रों पर हो रही उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा



सोनभद्र। जिले में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों के लिए सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा शनिवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई है। सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई।केंद्रों पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की आई स्कैनिंग और बायोमीट्रिक सत्यापन किया गया, जिसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।जिले में इस परीक्षा के लिए कुल छह केंद्र बनाए गए हैं, जहां शनिवार और रविवार को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है।परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन ने पूरे जिले को दो जोन और छह सेक्टरों में विभाजित किया है।प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही है।पुलिस कार्यालय परिसर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से सभी केंद्रों की गतिविधियों की लगातार निगरानी हो रही है।सुरक्षा व्यवस्था में 240 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और प्रमुख चैराहों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।बताते चलें कि दो दिनों में कुल छह परीक्षा केन्द्रों पर कुल 9600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं कल एक पाली में 2400 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, इसमें आदर्श इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज में 240, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज में 240, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 240 परीक्षार्थी शामिल होंगे।वहीं राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज में 480, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 720 तथा चंद्र गुप्त मौर्य इंटर कॉलेज मधुपुर में 480 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें आई-स्कैनिंग और बायोमीट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।यह परीक्षा ओएमआर शीट पर ऑफलाइन आयोजित की जा रही है।किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की संभावना को रोकने के लिए केंद्रों के आसपास 100 मीटर के दायरे में साइबर कैफे और फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रखी गई हैं।

## सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का आयोजन

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर में यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण विषय पर आधारित सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर कर्मचारियों, श्रमिकों, विद्यालय शिक्षकों तथा संविदा श्रमिकों में दैनिक जीवन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व, सतर्कता, पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षित जीवनशैली के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान निर्णायक की भूमिका सेफ्टी हेड अरविंद सिंह, निखिल जैन एवं ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति और जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सुरक्षित




कार्य वातावरण को बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुरक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम का सफल संचालन सेफ्टी विभाग के अधिकारी शैलेश श्रीवास्तव ने किया।

## रेणुकूट में व्यापार मंडल चुनाव की सरगर्मी तेज

### अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन



रेणुकूट/सोनभद्र।स्थानीय नगर में व्यापार मंडल चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को चुनाव प्रबंधन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने आगामी चुनाव की सूचना क्षेत्रीय उपजिलाधिकारी निखिल यादव को दे दी। इस दौरान प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया गया। उपजिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

बताया जा रहा है कि शनिवार तक व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद के लिए पांच व्यापारियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। अध्यक्ष पद की दौड़ में सत्येंद्र कुमार यादव, रामकुमार जायसवाल, अलाउद्दीन, बृज किशोर गुप्ता और सैयद अली अंसारी शामिल हैं। इन नामों के सामने आने के बाद चुनाव को लेकर बाजार क्षेत्र में चचाएं तेज हो गई हैं और व्यापारी वर्ग में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।इसी बीच चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया भी जारी है। चुनाव प्रबंधन समिति के अनुसार अब तक लगभग 400 व्यापारियों ने सदस्यता लेकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है, और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 11 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

समिति में शिवकुमार सिंह, बिंदु गिरी, अमरेंद्र सिंह, रियासत अली, उमानाथ, रामचंद्र, विजय प्रताप सिंह, यतीश पटेल, राज वर्मा, नागेंद्र जायसवाल और आनंद अग्रहरि को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य चुनाव की पूरी प्रक्रिया नामांकन, जांच, मतदान और मतगणना को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाएंगे। व्यापार मंडल चुनाव को लेकर नगर के व्यापारियों में उत्साह का माहौल है। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार और बैठकों के साथ चुनावी गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। व्यापारियों का मानना है कि नए नेतृत्व के चयन से व्यापारिक हितों को मजबूती मिलेगी और बाजार से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

## ईद से पहले मेरठ में सख्ती: 100 लोगों को रेड कार्ड नोटिस की तैयारी

मेरठ। ईद के मद्देनजर मेरठ पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे करीब 100 लोगों को चिन्हित किया है, जिन्हें जल्द ही रेड कार्ड नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों पर पहले भी उपद्रव या त्योहारों के दौरान तनाव की स्थिति पैदा करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने शनिवार को बताया कि ईद पर शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी इस्लामी धर्मगुरुओं और मस्जिद प्रबंधन समितियों से समन्वय स्थापित किया है। जिले की 544 मस्जिदों और 146 ईदगाहों के प्रबंधन से अधिकारियों ने बातचीत की है और सभी ने आश्वासन दिया है कि किसी भी परिस्थिति में सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसएसपी ने कुछ मीडिया संस्थानों में प्रसारित उन खबरों का भी खंडन किया, जिनमें उनके हवाले से सड़कों पर नमाज पढ़ने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के पासपोर्ट निरस्त करने की बात कही गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की ओर से ऐसा कोई नया निर्देश जारी नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई जरूर की जाएगी। वहीं नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड की समीक्षा करके ऐसे लोगों की पहचान की है, जो त्योहारों के दौरान विवाद या तनाव की स्थिति उत्पन्न करने में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 100 लोगों को रेड कार्ड नोटिस जारी किए जाएंगे। रेड कार्ड नोटिस के तहत किसी व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर गिरफ्तार किया जा सकता है। इसमें किसी भी धर्म के लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस में चेतावनी दी जाएगी कि यदि ईद के आसपास किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी कदम उठाए जा सकते हैं।

## तारकोल के मिश्रण से उठ रही दुर्गंध



जौनपुर। मुफ्तीगंज विकास खंड के रामपुर गांव में केराकत जौनपुर मार्ग के किनारे पर ठेकेदार द्वारा अस्थाई प्लांट बैठाकर गिट्टी व तारकोल का मिश्रण करते समय उठ रहे दुर्गंध से रोड पर चलना लोगों का दूभर हो गया है जब कि जहां पर मिश्रण किया जा रहा है वहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज सटा हुआ है।उसमें दवा लेने आये मरीज व उनके तीमारदारों ने बताया कि अलकतरा का इतना दुर्गंध आ रहा है कि घुटन जैसा महसूस हो रहा है क्षेत्र की जनता का कहना है कि मिश्रण का कार्य ठेकेदारो को मैदानी इलाकों में करना चाहिए जिससे कोई को कठिनाई न हो लेकिन ठेकेदारो को जनता से कुछ लेना देना नहीं है।

## हिण्डालको रेनुसागर ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है: आर.पी. सिंह

अनपरा/सोनभद्र। हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा टीटीएमडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित स्वावलम्बन कार्यक्रम के तहत 104 ग्रामीणों को विभिन्न उपकरण एवं प्रमाण पत्र वितरित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिलाओं को सिलाई मशीन, कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु 11 समूहों को स्प्रे मशीन, 7 खेल टीमों को वॉलीबॉल नेट, 12 विद्यालयों को दरी, तथा गायन एवं वादन समिति को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रदान किए गए। इसके साथ ही कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त 15 विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह, मानव संसाधन विभाग के हेड आशीष पांडेय, डॉक्टर मुकूल बिंदा तथा विभिन्न विद्यालयों की प्रधानाचायाओं एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वावलम्बन से ही मजबूत होगा ग्रामीण समाज। हमारा संस्थान सदैव अपने आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और स्वावलम्बन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि स्वावलम्बन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने कौशल का उपयोग कर रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकें। कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रगान के पश्चात हेड एच आर आशीष पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि हमारा संस्थान न केवल एक औद्योगिक इकाई हैं, बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के भागीदार भी हैं।

# वीवा क्लब ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का किया आयोजन

सोनभद्र।एनटीपीसी विंध्याचल के वीवा क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 मार्च को रुशी लिड्स भारत थीम पर आधारित एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।एनटीपीसी की महिला कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने अपने संबोधन में महिलाओं के समर्पण, नेतृत्व क्षमता और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए. जे. राजकुमार, एम. सुरेश, अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कामना शर्मा के साथ-साथ सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 3.00 बजे टीम बिल्डिंग गेम्स



और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ हुई। प्रतिभागियों के लिए टैलेंट हंट शो का आयोजन किया गया, जिसमें गायन, कविता पाठ और भाषण जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। टॉक शो और प्रेरक भाषणों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व, आत्मविश्वास और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विचार साझा किए गए।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। इनमें बंगाली ग्रुप डांस, ह्लओ रे चिड़ियाह्व, ह्लह्यूमन पावर्डह्व, ऑपरेशन सिंदूर, सेल्फ डिपेंडेंट, डुएट ग्रुप प्रस्तुति, फाइनेंशियल अवेयरनेस, जेल एक्ट, ओ शक्ति तथा होली डांस जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं की रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को दशार्या गया। कार्यक्रम का समापन एक भव्य ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को उत्साह और गर्व से भर दिया। इसी क्रम में शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मुख्य दौर प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रतिमा महेंद्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विंध्य चिकित्सालय) द्वारा स्किल वर्कशॉप तथा हेल्थ एंड वेलनेस सत्र भी आयोजित किया गया, जिससे महिलाओं को स्वास्थ्य, आत्मविकास और कौशल संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही सभी को आत्मरक्षा के टिप्स भी प्रदान किए गए। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को वुमन अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी के अंतर्गत सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया और इस अवसर को एक उत्सव के रूप में मनाया।कार्यक्रम का सफल संचालन वंदना कुमारी, वरिष्ठ प्रबंधक (एफईएस) एवं राज भारती, सहायक अभियंता (एयूडी) तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल वर्मा, सचिव वीवा एवं अपर महाप्रबंधक (एयूडी) द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे महासचिव वीवा हिमांशु कैथवास एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

जिला संवाददाता

कुशीनगर । कुशीनगर में बाजार जा रहे एक युवक की कुछ लोगों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी और पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। घटना की वजह बीते दिनों मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। घटना शुक्रवार की रात साढ़े सात बजे बोदरवार बाजार में हुई।

पुलिस के अनुसार कप्तानगंज थाना के बोदरवार बाजार के 30 वर्षीय गोविंद साहनी घटना के समय घर से कुछ दूरी पर लगने वाले बाजार में सब्जी लेने जा रहे थे। परिजनों के अनुसार बाजार के ही दलित बस्ती निवासी सुभाष व उसके घर के लोग गोविंद को रास्ते में रोककर लाठी से पीटने लगे।

शोर सुनकर आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी परिजन को दी। मां सुभद्रा भाग कर मौके पर पहुंची तो गोविंद खून से लथपथ व अचेत पड़े थे। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया।

इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि वह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन व लोगों से घटना की जानकारी ली। आरोपियों की तलाश में जगह-जगह छापेमारी शुरू की गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

परिजनों के अनुसार 15 दिन पूर्व ही सुभाष व गोविंद के बीच मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। तब सुभाष ने गोविंद को अपशब्द कहते हुए जान की धमकी दी थी।

## पेड़ से लटकी मिली अधेड़ की लाश

एटा। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नयी बस्ती में शनिवार सुबह 50 वर्षीय अधेड़ का शव एक बाग में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान सरवन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर अलीगंज कोतवाली के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## परीक्षा केन्द्रों पर डीएम ने ली व्यवस्थाओं की जानकारी

जौनपुर ।जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा टी. डी. कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, पूर्वांचल विश्वविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं आवश्यक व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी ली। परीक्षा हेतु जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 14 मार्च एवं 15 मार्च 2026 को प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जनपद में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 19 केंद्र व्यवस्थापक एवं लगभग 700 कक्ष निरीक्षक की तैनाती गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए विगत कई दिनों से व्यापक तैयारियां की जा रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया जा रहा है।

## कट रहे चालान, नहीं सुधर रहे वाहन चालक

जौनपुर। जनपद में यातायात के नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस रोज-रोज हजारों की संख्या में चालान काट रही है लेकिन लोगों के व्यवहार में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आ रहा है। अगर पिछले एक सप्ताह के चालान के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 11 मार्च को 837 चालान कटे हैं जो हजार से थोड़ा कम हैं। 6 मार्च को 1802, सात मार्च को 1446, आठ मार्च को 1272, नौ मार्च को 1291, दस मार्च को 1044, बारह मार्च को 1498 तथा तेरह मार्च को 1324 चालान काटे गए। इससे यह स्पष्ट है कि यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस सख्त हो गई है लेकिन लोग हैं कि न उन्हें चालान की चिंता है और न अपने जान की चिंता है। वास्तव में यह समस्या केवल पुलिसिया समस्या नहीं है। मामला लोगों के समझ और संवेदनशीलता से जुड़ा हुआ है जिसके लिए कानूनी हथकंडों से अधिक व्यवहार परिवर्तन पर जोर देने की आवश्यकता है। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है समाज का प्रबुद्ध वर्ग स्वयं इन बातों पर अमल करके नैतिक प्रभाव उत्पन्न करे। सड़क पर सबसे विचित्र स्थिति तब दिखाई देती है जब पुलिस वाले बिना हेलमेट के चलते दिखते हैं और कुछ लोग केवल चालान से बचने के लिए हेलमेट को बाइक में बांधकर चलते हैं कि अगर कहीं सघन चेकिंग चल रही हो तो हेलमेट पहन लेंगे। जनपद में नये-नये हाइवे बन रहे हैं ।सड़कें विश्वस्तरीय मानक पर तेज रफ्तार वाली बन रहीं हैं और सड़क सुरक्षा को लेकर हम बीसवीं सदी में ही जी रहे हैं। शिक्षा और नैतिक प्रभाव पर बिना जोर दिये जमीनी हकीकत को बदलना बहुत कठिन है।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में मीना मेला का हुआ आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मीरजापुर। लालगंज। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय तुलसी में शनिवार को एकदिवसीय मीना मेला और करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान तुलसी राम कुमार , वरिष्ठ अध्यापक सच्चिदानंद मौर्य, साकेत प्रियरंजन दुबे, अंजना सिंह, श्याम जी मौर्य, सरोज कमलेश ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीपक प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मीना मंच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। मीना मेला और काउंसिल में विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनियां लगाई गई। इनमें फुटका पापड़, टिक्की, प्रकाश संश्लेषण क्रिया का मॉडल पौधों के भाग इकोसिस्टम चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण के मॉडल प्रमुख थे। बच्चों ने इन मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामकुमार ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि मीना मंच के माध्यम से बच्चों को जीवन में आने वाली समस्याओं से परिचित कराया जाना चाहिए और उनके समाधान का रास्ता बताया जाना चाहिए ताकि बच्चे अपने मन की बात अभिभावकों की तरह शिक्षकों से साझा कर सकें। इस मौके पर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय तुलसी के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव ने कहा कि बालक और बालिका को समान रूप से पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा विकास की पहली सीढ़ी है और सभी के लिए समान शिक्षा सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार केसरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर साकेत प्रियरंजन दुबे, आनंद सिंह, राकेश यादव, श्याम जी मौर्य, अंजना सिंह, सरोज कमलेश, दिलीप कुमार यादव, नरेश कुमार केसरी, मनोज तिवारी, बेबी निदा, ताहेरून निशा, गणेश प्रसाद, अभिषेक सिंह, उमेश चतुर्वेदी, आशुतोष पांडे, प्रिया कश्यप, रीना मिश्रा, अमरनाथ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मां शाकुम्बरी देवी मेले में श्रद्धालुओं को न हो असुविधा: योगी

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिंदू श्रद्धालुओं की सबसे प्रमुख देवी मां शाकुम्बरी देवी के 19 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों और वहां चल रहे निर्माण कार्यों की आज दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और मंदिर जाकर मां शाकुम्बरी देवी की पूजा-अर्चना की, प्रसाद चढ़ाया एवं आशीर्वाद मांगा।मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूद कमिश्नर डा. रूपेश कुमार और डीआईजी अभिषेक सिंह एवं अन्य विभागीय अफसरों को निर्देश दिए कि मेला स्थल की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाए, साफ सफाई की पूरी व्यवस्थाएं की जाएं, वाहनों के पार्किंग की अच्छी व्यवस्था की जाए और मां शाकुम्बरी देवी स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखी जाए

## नहर में मिला शव

सुल्तानपुर। जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव नहर में मिला। ग्रामीणों ने नहर में एक व्यक्ति का शव दिखने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकलवाया। व्यक्ति के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शिवगढ़ के थाना प्रभारी शिवगढ़ चंद्रभान वर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान समर बहादुर (55) के रूप में हुई है जो भरखरे का निवासी है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## गैस की किल्लत से आगरा का पेठा कारोबार संकट में

आगरा। व्यावसायिक एलपीजी गैस की किल्लत होने से आगरा में पेठा कारोबार पर भारी संकट मंडराने लगा है और गैस आधारित पेठा इकाइयां करीब-करीब बंदी के कगार पहुंच गई हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों ने शनिवार को यह दावा किया।जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और जो कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहीद भगत सिंह पेठा कुटीर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि गैस की बाधा से पेठा कारोबार पर जबरदस्त असर पड़ा। उन्होंने बताया कि पेठा इकाइयां बंद होने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयां तो पूरी तरह से बंद हो गई हैं जबकि कुछ इकाइयों के पास गैस बची है और उसी से उत्पादन किया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि यदि गैस की आपूर्ति सुचारु नहीं होगी तो बाकी इकाइयां भी जल्दी बंद हो जाएंगी। कारोबारियों ने कहा कि गैस की किल्लत से व्यापार पर भारी असर भी पड़ रहा है, इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों को भी काम मिलना बंद होने लगा है तथा उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि व्यावसायिक गैस की आपूर्ति में तेजी लाए जाए जिससे पेठा उद्योग के बचाया जा सके। हालांकि जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने शुक्रवार को कहा था कि गैस की कोई किल्लत नहीं है, कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

### बरनाटीकर गौरीगंज में होगी श्रीराम कथा

**अमेठी।** ईश्वर की असीम अनुकम्पा से मुख्य यजमान श्रीमती गायत्री मिश्रा एवं राम सजीवन मिश्र ने जानकारी साझा किया कि कथा व्यास श्रद्धेय स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज महामृत्युँजय पीठाधीश्वर उज्जैन मध्य प्रदेश के मुखार बिंदु से अमृत वर्षा होगी ' इस दौरान कार्यक्रम की रूप रेखा इस प्रकार है कि 15 मार्च से 23 मार्च तक प्रतिदिन समय दो बजे से सायं 6 बजे तक कथा अमृत वर्षा होगी ' पूणाहुति 24 मार्च दिन बुधवार को शाम 4:00 से प्रभु - हरि इच्छा तक विशाल भंडारा चलता रहेगा ' मुख्य यजमान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती अवधेश कुमारी , राजकुमारी , गीता मिश्रा एवं कमलेश मिश्रा , सुनीता मिश्रा मुकेश मिश्रा , एडवोकेट विनोद मिश्र , उमेश मिश्रा एवं काशी प्रसाद मिश्र के सहयोग के साथ ही आमजन को भगवान श्री राम की जीवनी का रस पान करने के लिए मुख्य यजमान ने क्षेत्रीय प्रतिष्ठित एवं कथा प्रेमियों श्रद्धांलुओं से पुरजोर अपील किया है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर अपने को कृतार्थ कर जीवन सफल बनायें।

### करंट से बुजुर्ग की मौत

**तिलोंई , अमेठी** ।सिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा अंगूरी के गांव अशरफपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां लगभग 65 वर्षीय सूर्यपाल पुत्र पुरई की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सूर्यपाल अपने खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान खेत के पास लगे बिजली के खंभे से करंट उतर आया और वे उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में मातम छा गया। थाना प्रभारी इन्हौना विवेक सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मना नारायण हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव

**नसीराबाद,रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के रामबाग गोपालपुर में संचालित, क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चित नारायण हायर सेकेंडरी स्कूल ने शनिवार को अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह मोनू ने मां शारदा की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने मां वाणी की स्तुति में वंदना गीत और आगंतुकों के प्रति स्वागत गीत प्रस्तुत किए। स्कूल के प्रबंधक सुनील सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत अभिनंदन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा विशेष रुप से तैयार किए गए एकल और सामूहिक गीत, नृत्य और लघु नाटिका आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दर्शक दीर्घा में बैठे जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों सहित अभिभावकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम और उन्हें प्रशिक्षित करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।विशिष्ट अतिथि सलोन चेयरमैन चंद्रशेखर रस्तोगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत पिछड़े हुए इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए विद्या के इस मंदिर की स्थापना वंदनीय है। यह संस्था निकट भविष्य में विकसित होकर महाविद्यालय का स्वरूप ग्रहण करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

# विधायक ने किया अखिलेश सिंह स्मृति शिक्षण कक्ष का उद्घाटन



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुचरिया स्थित श्री मारुति नन्दन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मिलित हुई। उन्होंने विधायक निधि से नव निर्मित ह्यजननायक अखिलेश सिंह स्मृति शिक्षण कक्षह्न का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि लोगों के दिलों में राज करने वाले जननायक अखिलेश सिंह आज भी अपने कार्यों की बदौलत लोगों के हृदय में अपनी जगह एक सच्चे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित की है । बच्चों द्वारा किए गए मनमोहक प्रस्तुति करण पर उन्होंने शिक्षा और संस्कार के प्रति देश के समृद्धशाली इतिहास राष्ट्र के प्रति समर्पित लोगों से प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर अपने विचार साझा किए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया, जो उनके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का सुंदर उदाहरण है। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों से आत्मीय भेंट और सार्थक संवाद करते हुए सदर विधायक ने कहा कि शिक्षा के प्रति हमारी सोच सकारात्मक रही है । छात्र हित में हर तरह का सहयोग करने के लिए तत्पर रहूंगी ।

### मीडिया की भूमिका एक मार्गदर्शक की तरह : विश्व मोहन सिंह

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में मीडिया सराहना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। परियोजना प्रमुख बिष्व मोहन सिंह ने रायबरेली जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो प्रमुखों तथा प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया एवं उनके द्वारा मिल रहे सहयोग और योगदान के लिए कृतज्ञ भाव से उनकी सराहना की। श्री सिंह ने एनटीपीसी ऊंचाहार की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की चर्चा करते हुए देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में एनटीपीसी ऊंचाहार की भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में आसपास के क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा कराए जा रहे सामुदायिक विकास कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए परियोजना प्रमुख बिष्व मोहन सिंह ने कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा विद्युत उत्पादन के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी पूरा फोकस किया जाता है।

## कई दिनों बाद गैस सिलेंडर की खेप पहुंची, उपभोक्ताओं की लगी कतार

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर** ।कई दिनों बाद शनिवार को रसोई गैस सिलेंडरों की नई खेप पहुंचने पर दिनेश एचपी गैस एजेंसी जयसिंहपुर पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग एजेंसी परिसर के बाहर सिलेंडर लेकर कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। गैस आपूर्ति को लेकर पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं में बेचैनी बनी हुई थी, ऐसे में नई खेप पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। एजेंसी संचालक मुस्कान तिवारी ने बताया कि शनिवार सुबह 504 घरेलू गैस सिलेंडरों से भरा वाहन एजेंसी पर पहुंचा। फिलहाल उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किया जा रहा है, जिन्होंने पहले से बुकिंग कराई है और जिनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ओटीपी सत्यापन के बाद ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है, ताकि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे। उधर एसडीएम प्रभात सिंह ने भी पुष्टि करते हुए बताया कि 504 सिलेंडरों की एक खेप पहुंची है और उसका वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक और गाड़ी आने की संभावना है। प्रशासन के अनुसार गैस आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ता नियमित रूप से बुकिंग कराकर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

### पुलिस रिमांड खारिज करने के आदेश को जिला जज की कोर्ट में दी चुनौती

सुलतानपुर (वीओएल)। तमंचा व कारतूस बरामद होने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज द्वारा पुलिस रिमांड खारिज करने के आदेश को जिला जज की कोर्ट में चुनौती दी गई है। राज्य सरकार की ओर से डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र ने निगरानी अर्जी दाखिल कर मजिस्ट्रेट के आदेश को बताया है। प्रभारी जिला जज संध्या चैधरी ने निगरानी अर्जी सुनवाई के लिए स्वीकार कर विपक्षी को नोटिस जारी की है। निगरानी अर्जी पर अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। धनपतगंज थाने की पुलिस ने फत्तेपुर गांव के विमलेश कुमार को बीते 9 मार्च को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बीते 10 मार्च को आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज की कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने विवेचक की रिमांड अर्जी खारिज कर आरोपी को रिहा कर दिया था।

## विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**अमेठी।** गया जगन्नाथ जी के दर्शनोपरांत बल्दीराय निवासी दादा हर प्रसाद के यहाँ आयोजित गया जगन्नाथ के भण्डारे में बीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बल्दीराय बाजार मे दादा हरी प्रसाद के यहाँ बीते चार मार्च को श्रीमदभागवत कथा का आयोजन हुआ था। उसके पश्चात शनिवार 14 मार्च को श्री गया जगन्नाथ का भंडारा हुआ। भण्डारे मे आये सभी कार्यकर्ताओ को सहाबागंज निवासी रामजी अग्रहरि ने सिर पर पगड़ी, माला, गले मे महाराज अगसेन की पट्टी आदि पहनाकर सबका सम्मान किया। रामजी अग्रहरि क्षेत्र मे होने वाले सभी भण्डारो समान का कार्य अपने पास से करते है इनके इस कार्य की क्षेत्र मे बड़ी प्रशंसा है। इस भण्डारे मे निशुल्क प्रसाद बनाने का कार्य आस पास के कुल 40 लोग रहते है जो विगत बीस वर्षों से अधिक अपना सेवा दे रहे है। इन कार्य कर्ताओ मे भल्ला अग्रहरि रैनापुर, बब्बन। संतोष, राम किशोर, तेरहुत, राम अ चल, शिव कुमार मल्लू, लल्लू, गामा प्रसाद, रवी, प्रेम, शिवदास, सरजू, प्रेम, सज्जन लाल, राजेंद्र, आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन शिवपाल अग्रहरि ने किया।

### आरआरएसआईएमटी में हुआ वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट

**अमेठी।** शनिवार को जिले के मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ( आरआरएसआईएमटी ) में 'विटप्रो साफ्ट टेक' कंपनी द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और आईटी के छात्र-छात्राओं का डेवलपर पद के लिए वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट किया गया। लखनऊ स्थित यह कंपनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम करती है। प्लेसमेंट के पहले राउंड में छात्रों का टेलिफोनिक राउंड हुआ जिसमें 53 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे से कुल 11 छात्र अगले राउंड में इंटरव्यू के लिए चयनित हुए। कंपनी के मैनेजर अंकित ने गूगल मीट के माध्यम से 11 छात्रों का इंटरव्यू लिया, जिसमें से नैना कसौधन, शालिनी मिश्रा, दुर्गेश कुमार पांडे और आशीष शुक्ला अंतिम राउंड के लिए चयनित किए गए। संस्थान की प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने बताया कि वर्चुअल इंटरव्यू में चयनित चारों छात्र-छात्राओं का अंतिम राउंड का साक्षात्कार कंपनी के ऑफिस में किया जाएगा, जिसकी सूचना कंपनी द्वारा बाद में दी जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान सभी छात्र-छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देता है व प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। निदेशक ने कहा कि संस्थान आगे भी इस दिशा में काम करता रहेगा।

### दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन



**रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी की प्रेरणा एवं सांसद अमेठी के.एल. शर्मा के प्रयासों व श्री भगवान महावीर प्रसाद समिति जयपुर के सहयोग से तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन मदर टेरेसा इण्टर कालेज जवाहर विहार कालोनी में किया गया। सहायतार्थ शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री शर्मा ने कहा कि मानव सेवा की जो परम्परा शुरू की गई, उसे हम सब मिलकर निरंतर आगे बढ़ा रहे है, उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ मानव सेवा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, भगवान महावीर प्रसाद समिति जयपुर से आए संजय बापना ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि गांधी परिवार की कर्म स्थली रायबरेली में मुझे सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। रजिस्टेशन कराये सभी दिव्यांगजनों को इसका लाभ मिलेगा और जो किसी कारणवश छूट गये है, उन्हे भी आने वाले समय में सहायतार्थ कैम्प में शामिल कर लाभ दिलाया जाएगा। शिविर में गोविन्द, अखिलेष, जितेन्द्र, असार सहित उपस्थित अन्य दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराये गये, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, ओ.पी. श्रीवास्तव, वी.के.शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, सदर विधानसभा समन्वयक रोहित सिंह, बछरावां विधानसभा समन्वयक मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी स्मारक महाविद्यालय में स्वच्छता पर निकली जागरूकता रैली

जिला संवाददाता



**सुलतानपुर** । महात्मा गांधी स्मारक महाविद्यालय सुलतानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वच्छता जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया तथा लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। इसके बाद छात्रों ने आसपास के गांवों में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपने घरों और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सलिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अपनाने से हम कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता को अपनी आदत और जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को विकसित करते हैं। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उर्मिला पांडेय के साथ डॉ. अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सुधाकर पांडेय, जय प्रकाश, सतेंद्र मिश्र, देवराज उपाध्याय और अमन पांडे सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अस्पतालों में औचक जांच, हेल्थ सुपरवाइजर और एक्स-रे टेक्नीशियन अनुपस्थित

**अमेठी।** जिले के शुकुल बाजार क्षेत्र में अस्पतालों की कार्यप्रणाली को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। हाल ही में क्षेत्र के एक अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति की खबर सामने आने के बाद विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जांच टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (ढलउ) साथिन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उलउ) शुकुल बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सुबह करीब 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साथिन पहुंची टीम ने वहां मौजूद स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकांश कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। केंद्र पर तैनात चिकित्सक डॉ. राम नाथ उस दिन प्रतिकार अवकाश पर थे, जिसकी जानकारी रजिस्टर में दर्ज मिली। इसके बाद टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान हेल्थ सुपरवाइजर रेखा श्रीवास्तव 13 और 14 मार्च को लगातार दो दिन अनुपस्थित पाई गईं। वहीं एक्स-रे टेक्नीशियन रंजीत भी निरीक्षण के समय ड्यूटी से नदारद मिले। अन्य स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी ली गई। अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात कही गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पतालों में नियमित निरीक्षण होने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद बढ़ी है और इससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## सुनी गईं फरियादें, राजस्व कर्मी रहे मौजूद

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना बाजार शुकुल परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी राजस्व निरीक्षक (आरआई) और क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे तथा लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस में भूमि विवाद, रास्ते की समस्या, नाली व अन्य राजस्व संबंधी मामलों को लेकर कई ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को मौके पर जांच कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा। समाधान दिवस में आई शिकायतों को दर्ज कर संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। इस दौरान पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



# एथलेटिक्स में स्टेडियम के खिलाड़ियों का दबदबा

- अंश चैरसिया बने ओवरऑल चैंपियन, स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन



**सुलतानपुर** ।खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन कई खेलों के आयोजन किए गए, क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की देखरेख में आयोजित की गई, आज जूनियर बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स बालिका वर्ग में बैडमिंटन वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई, दिन भर चली प्रतियोगिता का समापन वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश सिंह एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह के द्वारा किया गया, आज हुई प्रतियोगिता के वॉलीबॉल फाइनल मुकाबले में पीएम श्री केशकुमारी की टीम ने डीवीए को तीन सेट के मैच में 2-0 से जीत दर्ज की। बैडमिंटन बालिका में अंडर-15 एकल में अंजलि सिन्हा ने अनन्या तिवारी को 21-16 से हराया, डबल्स में अंजलि और वैष्णवी की जोड़ी ने चित्रांशी और अनन्या को 21-17 से हराकर जीत दर्ज की स अंडर 19 बालिका एकल में अंजलि सिन्हा ने अनन्या तिवारी को 22-18 से हराया वहीं डबल्स में अंजलि और वैष्णवी की जोड़ी ने चित्रांशी और अनन्या की जोड़ी को 21-17 से मात दी। एथलेटिक्स 100 और 200 मीटर बालक वर्ग दोनों में अंश चैरसिया प्रथम रहे।400 मीटर में अभिनाश प्रथम रहे। वहीं 1500 और 3000 मीटर दोनों में चंद्रमोहन बने विजेता, गोला फेंक में अंश चैरसिया प्रथम लंबी कूद में प्रियांशु पाठक प्रथम रहे, बालिका संवर्ग- 100 मीटर में प्रियांशी यादव प्रथम, 200 मीटर में जाह्नवी तिवारी प्रथम, 400 मीटर में सेजल विजेता रही। कबड्डी फाइनल में राज एकेडमी ने भदैया को 21-15 से हराया।संचालन प्रदीप यादव एवं मुनेंद्र मिश्र ने किया। निर्णायक स्टेडियम कोच राम नरेश, श्याम धर ओझा, चंचल भट्टाचार्य, प्रवीण मिश्रा, आशा, प्रदीप यादव, आनंद श्रीवास्तव, ओम प्रकाश पाल, अर्जुन यादव, अवधेश मिश्रा रहे। तीसरे दिन आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया, हॉकी सुलतानपुर सचिव तारिक वसीम, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, टेबल टेनिस संघ सचिव मो सईद, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवप्रताप सिंह, हीरालाल यादव, हैंडबॉल चयनकर्ता अनुपम शुक्ला, फायजा पुलक-डे सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### ई रिक्शा बैटरी और चार्जर चोरी

नसीराबाद, रायबरेली। बीती रात अज्ञात चोरो ने एक ई रिक्शा की बैटरी और चार्जर पर हाथ साफ कर दिया।नसीराबाद थाना क्षेत्र के मखदूमपुर पूरे राई चैराहा निवासी राममिलन पुत्र राम लखन पासी का ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा था ।जिसे अज्ञात चोर घर से उठा ले गए। करीब 3रू30 बजे रात में पीड़ित राममिलन की नींद खुली तो उसने रिक्शा गायब होने की सूचना डायल 112 पर दी।उसने स्थानीय लोगों के साथ खोजबीन शुरू की तो कुछ देर बाद उसका ई रिक्शा मखदूमपुर पूरे राई चैराहा से लगभग 300 मीटर दूर पूरब नसीराबाद मखदूमपुर रोड पर रमेश जायसवाल के खेत के पास खड़ा मिला। लेकिन ई रिक्शा की चारों बैटरी और चार्जर गायब था ।पीड़ित राम मिलन ने बताया कि इस घटना से उसे लगभग 85 हजार रूपए मालियत का नुकसान हुआ है। कार्यवाही के लिए पीडित ने थाने में तहरीर दी है।

## दिव्यांगजनों के लिए 20 से 22 मार्च तक लगेगा निःशुल्क सहायता शिविर




**सुलतानपुर।** दिव्यांगजनों को सहारा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब सुल्तानपुर द्वारा 20, 21 व 22 मार्च को नगर के बारात घर, दीवानी चौराहा के निकट तीन दिवसीय निःशुल्क सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है ।शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कई प्रकार के सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें सुनने की मशीन, कृत्रिम हाथ-पैर, व्हीलचेयर तथा तिपहिया साइकिल शामिल हैं। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों को अपने दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का लाभ लेने के लिए इच्छुक दिव्यांगजनों को पहले से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय लाभार्थियों को आधार कार्ड और दिव्यांगता प्रमाणपत्र साथ लाना होगा। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद पात्र लाभार्थियों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जनपद के अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति 9838297214, 9506415946, 9415085399 और 9795422462 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों का कहना है कि इस पहल से दिव्यांगजनों को नई उम्मीद और बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 मरीजों को मिला लाभ

**सुलतानपुर** । शंभूगंज क्षेत्र स्थित सकरसी बाजार में कबीर आश्रम सकरसी परिसर में शुक्रवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजीव सिंह तथा वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. रामजी गुप्ता के संयोजन में मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और दवाइयां वितरित की गईं। इस शिविर में लगभग 300 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान मरीजों की ब्लड शुगर, रक्तचाप तथा बीएमडी जांच निःशुल्क की गई। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श लेकर आवश्यक दवाइयां प्राप्त कीं। डॉक्टरों ने मरीजों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है, क्योंकि इससे आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल पाता है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। शिविर के संचालन में स्वास्थ्य सेवा टीम के सदस्य इंद्रमणि यादव, पवन कुमार दुबे, बलराम यादव, जयप्रकाश पांडेय, अनिरुद्ध शुक्ला, फैजुल खान, सत्यम सिंह और रत्नेश पांडेय ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में आयोजक टीम की ओर से महंत कंधईदास, फागूलाल (प्रधानाध्यापक), सुरेश कुमार (पोस्टमैन), बुद्धिराम (पूर्व प्रधान), सिद्धार्थ, बब्लू भारती, राम किशुन और राम प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में शिक्षक संगोष्ठी आयोजित




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आगामी शैक्षणिक सत्र के कुशल संचालन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वार्षिक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विद्यालय की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नए सत्र की योजनाओं और शैक्षणिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्थापक प्रबंधक डॉ शर्मा ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता उसके शिक्षकों की लगन, समर्पण और नवीन शिक्षण पद्धतियों पर निर्भर करती है, बदलते समय के साथ शिक्षा प्रणाली में भी निरंतर नवाचार आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान आगामी सत्र की शैक्षणिक योजनाओं, परीक्षा व्यवस्था, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित प्रधानाचार्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति और शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के अंत में सभी शिक्षकों ने नए शैक्षणिक सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह , तारकेश्वर सिंह, इंद्र विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, प्रभारी प्रधानाचार्य रूचि मिश्रा उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## आज कलश यात्रा, कल से होगी श्रीराम कथा

**आगरा।** श्रीकामतानाथ सेवा समिति द्वारा 15 से 21 मार्च तक आयोजित की जा रही श्रीराम की कलश यात्रा का आयोजन 14 मार्च को भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। सुबह 8 बजे अग्रधाम सेवा सदन, सेवला से 3100 कलशों के साथ कलश यात्रा प्रारम्भ होकर कथा स्थल पीएस गार्डन पर विश्राम लेगी। जहां विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए जाएंगे। 15 मार्च से प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक संगीतमय दोहे व चौपाईयों के माध्यम से श्रीराम की महिमा के वर्णन के लिए विख्यात चित्रकूट के स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज (श्रीकामदगिरि पीठाधीश्वर) 7 दिवसीय श्रीराम कथा में भक्ति की गंगा बहाएंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामसेवक शर्मा व महामंत्री डॉ. धर्मेन्द्र त्यागी ने बताया सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया।

## देहतोरा में ऐतिहासिक दंगल मेला संपन्न

**आगरा।** देहतोरा दंगल कमेटी द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाला ऐतिहासिक दंगल मेला इस वर्ष भी बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपनी ताकत और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस दंगल में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, आसाम और जम्मू-कश्मीर से पुरुष पहलवानों ने भाग लिया, वहीं पश्चिम बंगाल और दिल्ली से आई महिला पहलवानों ने भी दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। महिला पहलवानों के मुकाबले भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। दंगल मेले को देखने के लिए करीब 25 हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ उमड़ी। प्रतियोगिता में 100 रुपये से लेकर 51 हजार रुपये तक की कुश्तियां लड़ी गईं। दंगल की सबसे बड़ी और अंतिम कुश्ती दो हिंद केसरी पहलवानों के बीच हुई, जिसमें हाथरस के हिंद केसरी हरिकेश पहलवान ने राजस्थान के हिंद केसरी सुनील पहलवान जजर को हराकर जीत हासिल की और दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। इस आयोजन में दंगल कमेटी के अध्यक्ष प्रेम सिंह, डॉ. सुनील राजपूत, चौधरी नवल सिंह, विश्वनाथ लोधी का विशेष सहयोग रहा, जबकि कार्यक्रम का संचालन हरिकिशन फौजी ने किया।

## बाइक सवार की नाले में गिरने से मौत

**मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपाना पुलिया के पास कल रात बहिन के घर से लौट रहे ग्रामीण की बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, जिससे डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी आज सुबह हुयी जब वहां से गुजरते लोगों ने बाइक सवार को मोटरसाईकिल सहित नाले में पड़े देखा। खजान सिंह (45) पुत्र होतीलाल निवासी ज्ञान का थोक नंदगांव अपनी बाइक संख्या एचआर 30 एबी 1701 पर सवार होकर अपनी बहिन के घर ग्राम फालैन से लौट रहा था। रास्ते में सुपाना पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरी। रात भर वह बाइक सहित नाले में पड़ा रहा जिससे उसकी मौत हो गयी। आज सुबह राहगीरों ने नाले में बाइक और शव को देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना कोसीकलां से उपनिरीक्षक संदीप कुमार और हरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया और उसकी बाइक नंबर के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी तो परिवार में कोहराम मच गया।

# खाद्य सुरक्षा, औषधि व आबकारी विभाग की कार्रवाई से हड़कंप

### प्रोविजन स्टोर पर ऑक्सीटोसिन की बोतलें व अवैध भांग की बिक्री पकड़ी



जिला संवाददाता

- दुकान पर मुनक्का युक्त भांग की गोलियां भी बेची जा रही थीं

**मथुरा।** जनपद के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी कई जनरल स्टोरों पर प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन की बोतलों की खुलेआम बिक्री की जा रही है। लंबे समय से चल रही इस गतिविधि के संबंध में शिकायत मिलने के बाद अब तक निष्क्रिय रहा खाद्य एवं औषधि विभाग हरकत में आया है और कार्रवाई शुरू की गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने सुरीर क्षेत्र के गांव बेरा में कार्रवाई करते हुए दवा और खाद्य पदार्थों के चार नमूने लिए तथा प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की बोतलें बरामद कीं। मौके से करीब नौ किलो भांग भी मिली है। आबकारी विभाग ने भी इस मामले में अलग से कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी कि गांव बेरा सुरीर स्थित सुमित प्रोवीजन स्टोर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के साथ बिना लाइसेंस के दवाएं बेची जा रही हैं तथा प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन भी खुलेआम बेचे जा रहे हैं। शिकायत के आधार पर औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस के साथ दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम को करीब तीन हजार रुपये मूल्य की विभिन्न प्रकार की दवाएं और ऑक्सीटोसिन की 14 बोतलें मिलीं। विभागीय टीम ने जांच के लिए दवा और खाद्य पदार्थों के चार नमूने भी एकत्र किए।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि दुकान पर मुनक्का युक्त भांग की गोलियां भी बेची जा रही थीं। इस सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी उपेन्द्र सिंह को अवगत कराया गया जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने दुकान से करीब आठ से नौ किलो भांग बरामद की। अचानक हुई इस कार्रवाई से गांव और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मामले में सुरीर थाने में तहरीर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दबंगों ने जमीन पर कब्जे का किया प्रयास

- चौकीदार को पीटकर मांगी एक करोड़ की रंगदारी
- जैत थाना क्षेत्र का मामला: गाड़ी से आए 10-12 अज्ञात हमलावरों ने की तोड़फोड़, जान से मारने की दी धमकी

चौमुंहा। थाना जैंत के अंतर्गत मौजा आटस बांगर में जमीन कब्जाने और अवैध वसूली का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों ने न केवल जमीन पर बनी दीवार और बोरिंग के सामान को क्षतिग्रस्त किया, बल्कि वहां मौजूद कर्मियों के साथ मारपीट कर एक करोड़ रुपये की रंगदारी भी मांगी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। ?आदर्श कॉलोनी, होडल (हरियाणा) निवासी यशवीर पुत्र मनीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी आटस बांगर के खसरा संख्या 73 में निजी जमीन है। आरोप है कि धौली प्याऊ निवासी मनोज शर्मा पुत्र गजेंद्र इस जमीन पर बुरी नीयत रखता है। पीड़ित ने पहले भी आरोपी के खिलाफ मुकदमा (197/24) दर्ज कराया था, जिसकी रंजिश आरोपी मन में पाले हुए था। ?पीड़ित के अनुसार, 13 मार्च 2026 की सुबह मनोज शर्मा अपनी गाड़ी और एक अन्य वाहन में 10-12 अज्ञात साथियों के साथ जमीन पर पहुंचा। वहां पहुंचते ही उसने दीवार पर लिखे नाम मिटाने और तोड़फोड़ करने के आदेश दिए। दबंगों ने वहां लगे लोहे के फाटक को तोड़ दिया और बोरिंग की मोटर, चारपाई व अन्य सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ?जमीन की रखवाली कर रहे चैकीदार ओंकार सिंह और उसके साथी रोहित के साथ आरोपियों ने बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मनोज शर्मा ने ओंकार का गिरेबान पकड़कर उसे थप्पड़ जड़े और यशवीर के खिलाफ दर्ज मुकदमे का हवाला देते हुए कहा, ह्लउससे बोल देना कि मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता। मुझे एक करोड़ रुपये दिला दे, नहीं तो जान से मार दूंगा और जमीन पर रहने नहीं दूंगा।ह्व बीच-बचाव करने आए रोहित को भी लात-घूंसों से पीटा गया। ?घटना के बाद से पीड़ित परिवार और कर्मचारी काफी भयभीत हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी आए दिन वहां आकर झगड़ा फसाद करता है और जानलेवा हमला कर सकता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद में आयोजित हो रही उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, इस क्रम में उनके द्वारा सी0एल0जैन डिग्री कॉलेज और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर परीक्षा और सुरक्षा की बारीकियां को देखा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सघन तलाशी में कोई कोताही न बरती जाए, जिलाधिकारी रमेश रंजन ने केंद्र व्यवस्थापकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा की परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अधिकारियों ने परीक्षा कक्ष में प्रकाश सीसीटीवी निगरानी और अभ्यर्थियों के लिए पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन भी किया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

## डीएम-एसएसपी ने ईदगाह का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ अलविदा जुमा और ईद उल फितर पर्व के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से गांधी पार्क स्थित ईदगाह मैदान का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था साफ- सफाई पेयजल और अन्य जन सुविधाओं का जायजा लिया, नगर निगम को मैदान और आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने को निर्देशित किया, जबकि पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उपस्थित रहे।

## भव्य झांकियों के साथ निकला ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का डोला, श्रद्धालुओं में उमड़ी आस्था

**आगरा।** बेलनगंज चौराहा स्थित प्राचीन श्री दाऊजी मंदिर से ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का भव्य डोला नगर भ्रमण के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया, आरती एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग में भक्ति का वातावरण बना रहा, डोले में भगवान श्रीकृष्ण और बलदाऊ के स्वरूप विराजमान थे, शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, शिव-पार्वती एवं अन्य देवी-देवताओं की झांकियों को देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का स्वागत किया, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए डोले के साथ चलते रहे। आधुनिक दौर की झलक भी इस आयोजन में देखने को मिली, युवाओं और श्रद्धालुओं ने मोबाइल से सेल्फी लेकर तथा वीडियो बनाकर इस भव्य शोभायात्रा को सोशल मीडिया और फेसबुक पर साझा किया, जिससे कार्यक्रम की भव्यता दूर-दूर तक देखने को मिली। डोला यात्रा बेलनगंज, कचौडा बाजार, दरैसी, रावतपाड़ा, पथवारी मंडी सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर एवं पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया।इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे, यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में आरती अपरान्त भोग प्रसादी का श्रद्धांलुओं ने आनंद लिया।

# अधर्म बढ़ने पर भगवान लेते हैं अवतार राम जन्म पर गूंजे जयकारे

**आगरा।** गणेश दुर्गा महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में लंगड़े की चौकी, शास्त्री नगर स्थित श्री हनुमंत धाम में चल रही 10 दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर भगवान के विभिन्न अवतारों की महिमा तथा श्रीराम जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया गया। राम जन्म प्रसंग के दौरान कथा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व के जयकारों और बधाइयों से गूंज उठा।कथा के तीसरे दिन कथा व्यास भरत उपाध्याय ने भगवान के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए उनकी महिमा और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं और भक्तों की रक्षा करते हैं। भगवान के प्रत्येक अवतार का उद्देश्य मानवता को सही मार्ग दिखाना और समाज में धर्म, न्याय और करुणा की स्थापना करना होता है।

इसके पश्चात उन्होंने श्रृंगी ऋषि द्वारा अयोध्या के राजा दशरथ के लिए संपन्न कराए गए पुत्रेष्ठि यज्ञ का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि राजा दशरथ संतान प्राप्ति के लिए चिंतित थे, तब महर्षि वशिष्ठ के निर्देश पर श्रृंगी ऋषि को आमंत्रित कर पुत्रेष्ठि यज्ञ कराया गया। इस यज्ञ के फलस्वरूप भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के रूप में चार दिव्य पुत्रों का अवतरण हुआ।जैसे ही कथा में भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने खड़े होकर भगवान के अवतरण का स्वागत किया और मंगल गीतों के साथ एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। कथा व्यास भरत उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मयार्दा, सत्य और आदर्श जीवन का संदेश है। यदि मनुष्य श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले, तो परिवार और समाज दोनों में सुख, शांति और सद्भाव स्थापित हो सकता है। इस अवसर पर श्री हनुमंत धाम, लंगड़े की चौकी के महंत गोपी गुरु जी ने कहा कि श्रीराम कथा मनुष्य के जीवन को संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, कर्तव्य और मयार्दा का सर्वोच्च उदाहरण है।

# सनातन के लिए काम करने वाले सच्चे शूरवीर



**मथुरा।** द केरला स्टोरी 2 की नायिका उल्का गुप्ता ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण के हिंदू पक्षकार तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट से मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। स्थानीय एक होटल में हुई इस मुलाकात के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान उल्का गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म के लिए कार्य करने वाले लोग सच्चे शूरवीर होते हैं। उन्होंने महेंद्र प्रताप सिंह के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ठाकुर जी उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की प्राकट्य भूमि के मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए शक्ति प्रदान करें। उन्होंने इस संघर्ष में अपना समर्थन भी जताया। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने उन्हें बताया कि ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़कर औरंगजेब ने वहां मस्जिद का निर्माण कराया था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि सनातन आस्था का मूल केंद्र है और इससे समाज का गहरा भावनात्मक संबंध है। इस विषय के समाधान के लिए 23 दिसंबर 2020 को न्यायालय में वाद दायर किया गया, जिसके बाद यह मुद्दा व्यापक जनचर्चा का विषय बन गया।

उन्होंने यह भी बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के साथ-साथ आगरा की जामा मस्जिद में लगाए गए भगवान के विग्रहों को वापस लाने के लिए भी हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ा जा रहा है। दोनों मामलों में न्यायिक प्रक्रिया जारी है। महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वे न्यायालय में मुकदमा लड़ने के साथ-साथ जनजागरण अभियान भी चला रहे हैं। देश-विदेश में संगठन विस्तार के माध्यम से इस विषय को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। द केरला स्टोरी 2 की नायिका उल्का गुप्ता ने कहा कि सनातन की रक्षा और मजबूती के लिए ही फिल्म बनाई है। इससे पहले वह झांसी की रानी में अभिनय कर चुकी हैं और उनको झांसी की रानी के रूप में भी उनको जाना जाता है। उन्होंने महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट को सच्चा शूरवीर बताते हुए कहा कि वह भी उनके साथ खड़ी हैं। इस अवसर पर गोदान फिल्म की गायिका अनन्या सिंह भी मौजूद रहीं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 180488 वादों का निस्तारण




**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय फिरोजाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डा० बब्बू सारंग द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविन्द कुमार सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विशु राजा एडीएम वि०/रा० फिरोजाबाद अनुज चौधरी, एएसपी ग्रामीण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकरलाल निषाद सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश डा० बब्बू सारंग ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय व्यवस्था को आमजन के अधिक निकट लाने का एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से वादों का निस्तारण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की विशेषता यह है कि यहाँ विवादों के समाधान में केवल विधिक प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी संवाद विश्वास एवं समझ को भी महत्व दिया जाता है, जिससे विवादों का स्थायी एवं व्यावहारिक समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायपालिका का उद्देश्य केवल वादों का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव और आपसी समरसता को बनाए रखना भी है। लोक अदालतों के माध्यम से पक्षकारों को न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि उनके पारस्परिक संबंध भी सुरक्षित रहते हैं। ऐसे प्रयासों से न्यायपालिका के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है। अंत में उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क निस्तारण करना है, जिससे पक्षकारों को लम्बी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण विद्युत बिल संबंधी मामले सहित विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया।उन्होंने आगे कहा कि लोक अदालतें न्याय को सरल सुलभ और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच हैं, जो समाज में भाईचारे, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे इस प्रकार की लोक अदालतों का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने विवादों का समाधान आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में करें।

## नगर निगम का घाटों पर चला स्वच्छता अभियान

**मथुरा।** महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश के निर्देशों के अनुपालन में पावन यमुना छठ पर्व की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा शहर के प्रमुख घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल की उपस्थिति में विश्राम घाट, राजा घाट, बंगाली घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत घाटों की व्यापक स्तर पर सफाई कराते हुए सिल्ट हटाने का कार्य कराया जा रहा है तथा संपूर्ण घाट क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। घाटों से सिल्ट हटाए जाने से जलस्तर संतुलित बना रहेगा, जिससे यमुना छठ पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण में स्नान का लाभ प्राप्त हो सके।

## रामसिंह महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



**टूंडला।** रामसिंह महाविघालय नगला सिकन्दर फिरोजाबाद द्वारा ओ पी मैमोरियल पहिलक स्कूल, नगला मुरली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवक सेविकाओं ने शिविर स्थल की साफ सफाई कर आकर्षक रंगोली बनाई।कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती मुख्य अतिथि रवि भारद्वाज व विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रबंधक डॉ.डीपी सिंह ने सरस्वती पूजन कर किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गयी। अतिथियों के स्वागत पश्चात विमलेश वर्मा ने शिविर कार्य के दौरान विद्यार्थियों के कार्यों की आख्या दी। मुख्य अतिथि रवि भारद्वाज ने ग्रामीण क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से नालियों की सफाई, समतलीकरण तथा शिक्षाप्रद कार्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डा.डीपी सिंह ने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों के लिए संगठित होकर योगदान का महत्व समझाया। नियमित योगाभ्यास के महत्व से स्वस्थ रहने को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ बी पी सिंह जी के सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुभाष चन्द्र ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कॉलेज शिक्षकों के सहयोग की प्रशंसा की। शिविर के दौरान अनुशासित रहकर कार्यों को पूरा करने हेतु विद्यार्थियों की भी प्रशंसा की। सामूहिक राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो भारती सिंह मंजू सिंह सी पी सिंह तथा अन्य कॉलेज शिक्षकों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रहीं।

## श्याम नाम की मेहंदी से सजी श्रद्धा, भजनों पर झूमे भक्त, श्याम मनहर संकीर्तन शृंखला में भक्ति का रंग

**आगरा।** श्याम नगरी मासिक पोशाक सेवा द्वारा आयोजित श्री श्याम मनहर संकीर्तन के अंतर्गत शुक्रवार को जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में ह्लश्याम नाम की मेहंदीह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने हाथों पर श्याम नाम की मेहंदी लगवाई और भक्ति भाव में सराबोर हो गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम बाबा के सेवाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत वातावरण बन गया।मैं दुल्हन बनूंगी श्याम सुंदर कीह्व, ह्लआओ सखी मेरी मुझे मेहंदी लगा दोह्व और ह्लराधिका गोरी से मैया करा दे मेरा ब्याहह्व जैसे भजनों की मधुर प्रस्तुति पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। भक्ति, संगीत और उल्लास के वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाकर श्याम नाम का स्मरण किया। पूरे मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति की लहरें देखने को मिलीं। संस्था से जुड़े मनोज गोयल, मनीष अग्रवाल और अमित गोयल ने बताया कि 14 मार्च, शनिवार को सायं 7 बजे से मंदिर में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार संस्था की ओर से विशेष रूप से कराया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर स्थित एसी हॉल में अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। साथ ही फूलों की होली, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा और भव्य माधुरी संकीर्तन का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में बरेली के सुप्रसिद्ध भजन गायक मारुति शर्मा अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे, जिससे भक्तजन श्याम भक्ति में सराबोर होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनीता मित्तल, अरुण मित्तल, सारिका गोयल, सीमा अग्रवाल, डिंपल गोयल, छाया गुप्ता, मिलन गहलोत, विनीता अग्रवाल, पूनम गोयल, कविता सिंघल, रितु अग्रवाल, संध्या सिंघल आदि श्रद्धालु उपस्थित रहीं।

# डिजिटल हुए ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन

- 15 दिनों में लगभग 51 लाख भक्तों ने किये लाइव दर्शन
- एलईडी स्क्रीन और एडवांस कैमरों से मंदिर में सुदृढ़ हुई सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन व्यवस्था




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ब्रज क्षेत्र में विकास भी, विरासत भी के संकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में बीते 27 फरवरी (रंगभरनी एकादशी) से शुरू हुई लाइव स्ट्रीमिंग की पहल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मात्र 15 दिनों के भीतर जहाँ 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डिजिटल माध्यमों से दर्शन किए, वहीं 45,40,000 श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पंक्तिबद्ध होकर सुगम तरीके से अपने आराध्य का आशीर्वाद लिया।

ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन और तीनों प्रमुख आरतियों- श्रृंगार, राजभोग और शयनभोग आरती का अब प्रतिदिन 10 घंटे सीधा प्रसारण किया जा रहा है। यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ह्लएक्सह्ल पर लाइव दर्शन की सुविधा से उन भक्तों को बड़ी राहत मिली है, जो किसी कारणवश वृंदावन नहीं पहुंच पाते। मंदिर के अंदर- बाहर 5 एडवांस कैमरे और 6 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिससे मंदिर परिसर में भीड़ का दबाव काफी कम हुआ है।

मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता हर श्रद्धालु को सुलभ और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराना है। श्री बांके बिहारी जी के दर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग और बड़ी स्क्रीन की इस पहल से श्री बांके बिहारी मंदिर में भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट) में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। 15 दिनों में करीब 45.40 लाख लोगों ने मंदिर में व्यवस्थित तरीके से दर्शन किए हैं। तकनीक के इस उपयोग से न केवल सुरक्षा सुदृढ़ हुई है, बल्कि दूर-दराज बैठे भक्त भी सीधे ठाकुर श्री बांके बिहारी जी से जुड़ पा रहे हैं। गाजियाबाद से आईं श्रद्धालु सुलेखा गौतम ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ आई हूँ।पहले मंदिर की संकरी गलियों और भीड़ को देखकर डर लगता था, लेकिन अब व्यवस्था बहुत बदल गई है। हमने बाहर लगी स्क्रीन पर ठाकुर जी के लाइव दर्शन किए और फिर शांति से पंक्तिबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश मिला। दिल्ली से आए श्रद्धालु अरुण ने कहा कि लाइव स्ट्रीमिंग शुरू होने से अब मैं ऑफिस में रहते हुए भी राजभोग आरती के दर्शन कर लेता हूं। वृंदावन आने पर भी व्यवस्था पहले से बहुत बेहतर और व्यवस्थित मिलीं। प्रशासन और सरकार का यह प्रयास वाकई काबिले तारीफ है।इस पहल से न केवल मंदिर के भीतर धक्का- मुक्की कम हुई है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों को भी भीड़ नियंत्रित करने में आसानी हो रही है। सरकार के इन प्रयासों ने सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और अटूट आस्था के संगम से धार्मिक पर्यटन को और अधिक सुलभ बनाया जा सकता है।

## बेटे को मां ने डांटा तो बेटे ने नहर में लगा दी छलांग, गोताखोरों ने बचाया

**फिरोजाबाद।** थाना मटसेना के गांव शेरपुर के रहने वाले एक युवक को उसकी मां ने डांट दिया तो युवक ने शिकोहाबाद सिरसा नहर पर पुल से छलांग लगा दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को नहर से बाहर निकाला और परिजनों को सूचना कर दी सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को सुपुर्द कर दिया। थाना मटसेना के गांव शेरपुर निवासी 20 वर्षीय वीरेंद्र सिंह पुत्र बंटू मक्खनपुर में कोचिंग सेंटर पर लाइब्रेरी की ट्रेनिंग की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को युवक की मां ने अपने बेटे को बाहर फालतू बैठने की मना करते हुए डांट दिया जिसके बाद युवक नाराज हो गया और घर से बिना बताए शिकोहाबाद स्टेशन रोड सिरसा नहर के पास जा पहुंचा काफी देर इधर-उधर घूमने के बाद युवक पुल पर चढ़ा और इतनी ही देर में उसने नहर में छलांग लगा दी यह देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई माधवगंज चौकी पर तैनात कांस्टेबल रामकिशोर सिंह ने वहां कुछ गोताखोरों की मदद से नहर में डूब रहे युवक को शकुशल बाहर निकाल लिया और युवक से उसका पता पूछा जिसके बाद युवक ने अपने घर का फोन नंबर दिया पुलिस ने फोन पर घटना की परिजनों को जानकारी दी सूचना पर पहुंचे परिजन अपने बेटे को साथ ले गए। थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज कुमार ने बताया कि मां की डांट से बेटा नाराज था जिसके बाद उसने यह कदम उठाया फिलहाल उसके माता-पिता अपने बेटे को अपने घर साथ ले गए हैं।

## संक्षेप

### दीक्षा ऑस्ट्रेलियाई ओपन में संयुक्त 39वें स्थान पर

एडीलेड। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने लगातार दूसरी बार 74 का कार्ड खेला जिससे शनिवार को यहां महिला ऑस्ट्रेलियाई ओपन में संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर खिसक गईं जबकि अवनि प्रशांत ने लगातार दूसरी बार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर 80 का कार्ड खेलकर पिछड़ गईं और संयुक्त रूप से 63वें स्थान पर रहीं। अभी टूर्नामेंट का अंतिम दौर बाकी है। हन्ना ग्रीन ने एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है और वह अपनी घरेलू जमीन पर एक ऐतिहासिक जीत हासिल करने की कोशिश में हैं।

### मन्नेपल्ली हारे, स्विस ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

बासेल। भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग पिछले साल पीठ की समस्या से परेशान रहे थे और वह इस चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी करते हुए स्कोर 11-11 से बराबर कर दिया, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 16-12 की बढ़त बनाई और फिर चार गेम प्वाइंट हासिल किए। मन्नेपल्ली ने तीन गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इंडोनेशिया का खिलाड़ी पहला गेम जीतने में सफल रहा। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने 6-6 की बराबरी से आगे निकलते हुए पहले 11-7 और फिर 19-13 की बढ़त हासिल कर ली। गिंटिंग ने इसके बाद शानदार वापसी की और लगातार छह अंक हासिल कर 19-19 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे गेम में गिंटिंग ने मन्नेपल्ली को बहुत कम मौके दिए।

### अंडर-17 टीम ने म्यांमा पर मैत्री मैच में जीत हासिल की

यांगून। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां थुवुन्ना स्टेडियम में खेले गए दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच म्यांमा को 3-2 से हराकर शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पहले हाफ के अंत तक मेजबान टीम 2-। से आगे थी जिसमें हनिन विंट वार क्याव (12वें मिनट) और मिन हटोन मे जितार (45वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम के लिए अल्वा देवी सेनजम (33वें मिनट) ने बराबरी गोल किया। फिर दूसरे हाफ के आखिर में भारत की स्थानापन्न खिलाड़ी अनुष्का कुमारी (88वें मिनट) और जोया (90 वें मिनट) ने गोल करके जीत पूरी की। यह मैच भारत की आगामी एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा था जो एक से 17 मई तक चीन के सूजौ में होगा। म्यांमा ने इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है और अपनी तैयारियों के तौर पर ये मैच खेल रहा है।

### भारत महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई

हैदराबाद। भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 कर दी। दुनिया में नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन इंग्लैंड की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाई। इस टूर्नामेंट से चैंपियन इंग्लैंड, उपविजेता भारत और स्कॉटलैंड (जिसने इटली को1-0 से हराया) ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

# विश्व विजेता को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

## टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा



एजेंसी

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा। बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एक दिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही। वहीं दूसरी ओर महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया। वहीं 2024 में केकेआर की सफलता का अहम हिस्सा रहे फिल सॉल्ट रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) चले गए जहां उन्होंने पिछले साल फ्रेंचाइजी को पहली बार खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। कुंबले ने जियो हॉटस्टार की एक विज्ञप्ति में कहा, दो साल पहले केकेआर ने आईपीएल जीता था और अपनी तीसरी ट्रॉफी उठाई थी। उस जीत के दो अहम खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट थे। दोनों ने टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई लेकिन केकेआर ने दोनों को जाने दिया। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को अपने साथ रखने के मामले में उनमें कोई निरंतरता नहीं है। केकेआर ने श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया और इस वजह से अब उनके पास आईपीएल जीतने वाला कोई कप्तान नहीं है।



### धोनी का आईपीएल में अंतिम सत्र : पठान

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने जिओ हॉटस्टार से कहा, धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और कप्तान रितुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम के साथ अभ्यास कर रहा है। पठान ने कहा कि धोनी की भूमिका टीम का मार्गदर्शन करने और अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की हो सकती है। उन्होंने कहा, इस सत्र में धोनी सबको एकजुट करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुझे नहीं पता कि वो कितने मैच खेलेंगे। लेकिन ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिलेगी। पठान ने कहा, इससे संजू को फायदा होगा क्योंकि वह भी नेतृत्व समूह का हिस्सा होंगे।

रितुराज गायकवाड़ कप्तान हैं। लेकिन इसके लिए दो या तीन खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। यहीं पर धोनी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे उम्मीद है कि वह कुछ अंतर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा, उनकी फिटनेस, बल्लेबाजी क्रम और क्या वे सभी मैच खेलेंगे, जैसे सवाल अब भी उठते रहेंगे। सीएसके का टीम प्रबंधन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। वे निश्चित रूप से छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतकर उन्हें शानदार विदाई देने की कोशिश करेंगे। धोनी ने आईपीएल में अब तक 278 मैच खेले हैं और 5,439 रन बनाए हैं। पिछले सत्र में उन्हें केवल डेथ ओवरों में ही बल्लेबाजी करते हुए देखा गया था। उन्होंने तब 13 पारियों में 196 रन बनाए थे। सीएसके ने रविंद्र जडेजा को राजस्थान रॉयल्स को देकर उनकी जगह संजू सैमसन को अपनी टीम से जोड़ा था। राजस्थान रॉयल्स की टीम में जोस बटलर भी नहीं हैं।

# मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास, पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर



नयी दिल्ली। प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया।

लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे। आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया।

उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीतीं। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने नॉर्वे के एक्सेल बू क्रालॉय पर आधे अंक की बढ़त बनाई जिन्हें आखिरी दौर में वॉकओवर मिला था। चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे और अपने आयु वर्ग के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। अंडर-11 वर्ग में भारत और एशिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी चक्रवर्ती के लिए 2021 का सत्र बेहद शानदार रहा। उस साल उन्होंने यूरोप में कई टूर्नामेंट खेले जिससे उनकी ईएलओ रेटिंग 1800 से बढ़कर 2200 के करीब पहुंच गई।

साथ ही वह 2009 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ियों की ईएलओ रैंकिंग में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी बन गए। उनकी असाधारण प्रतिभा की बदौलत वह अंडर-9 वर्ग में राष्ट्रीय रजत पदक और अंडर-11 वर्ग में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। इसके अलवा उन्होंने श्रीलंका में आयोजित एशियाई युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-10 वर्ग का रजत पदक भी जीता था। उनकी सफलता में उनके परिवार की अहम भूमिका रही है जिसमें उनकी डॉक्टर मां उनके लिए स्तंभ बनीं जबकि उनके पिता ने टूर्नामेंट के दौरान उनके साथ सफर करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी।

## चीन ने ताइवान को 2-0 से हराया

पर्थ। मौजूदा चैंपियन चीन ने शनिवार को ताइवान को 2-0 से हराकर 2027 विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के साथ महिला एशियाई कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

चीन और ताइवान के बीच भू-राजनीतिक तनाव है और दोनों के बीच 90 मिनट तक कोई गोल नहीं हुआ। इसके बाद अतिरिक्त समय के तीसरे ही मिनट में शाओ जिकिन ने गोल करके मैच का पहला गोल किया और फिर आखिर में एक आत्मघाती गोल से चीन का दूसरा गोल हुआ। वहीं शुक्रवार को हुए मुकाबले में सैम केर ने एक गोल किया और एक गोल में मदद की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने उत्तर कोरिया को 2-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली। दक्षिण कोरिया शनिवार को एक अन्य क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा जबकि रविवार को जापान का सामना फिलीपींस से होगा।

## भारत के चार मुक्केबाज वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के फाइनल में

एजेंसी

बैंकॉक। भारत के युवा मुक्केबाजों ने वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रखा और उसके चार खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

चंद्रिका, गुंजन, जॉयश्री देवी और अंबेडकर मीतेई ने सेमीफाइनल में आसान जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग में चंद्रिका ने दूसरे दौर में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आधार पर मोरक्को की रिहाब हमदौने को हराया और खुद को स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार साबित किया। गुंजन ने महिलाओं के 48 किग्रा भार वर्ग में उत्तर कोरिया की यू ज्ञोंग किम को किसी तरह का मौका नहीं दिया और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।

जॉयश्री देवी (54 किग्रा) ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पहले दौर में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आधार पर मैक्सिको की सोफिया रामिरेज़ को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में अंबेकर मीतेई भी उज्बेकिस्तान के अब्दुगानी यॉर्किनजोनोव पर 5-0 से सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज करके फाइनल में पहुंच गए। इस बीच राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) को सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में यूक्रेन की येवनहेलिना पेट्रुक से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से उन्हें कांस्य पदक मिला।

## मेंटोर के तौर पर नहीं कर पाऊंगा काम : पीटरसन

नयी दिल्ली। पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स में मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने शनिवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आने वाले सत्र में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को हो रही है और गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा। पीटरसन ने एक्स कहा, मैं इस आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नहीं बन सकता। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता। इस सत्र के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, हालांकि मैं आपको कमेंट्री बॉक्स में फिर मिलूंगा। आईपीएल दुनिया की सबसे अच्छी लीग है और मैं आप सभी से जल्द मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

## डोपिंग को रोकने के लिए खिलाड़ियों के पोषण और खाद्य पूरकों की उचित जांच करने के निर्देश

नयी दिल्ली। भारत के डोपिंग में खराब रिकार्ड को देखते हुए खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को खिलाड़ियों के लिए तैयार किए गए पोषण और खाद्य पूरकों की उचित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय के सूत्रों ने भाषा को बताया यह कदम दूषित, मिलावटी या गलत लेबल वाले पोषण संबंधी सप्लीमेंट से खिलाड़ियों का प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। भारत में डोपिंग की समस्या बहुत गंभीर है। पिछले तीन वर्षों से विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के वार्षिक परीक्षण आंकड़ों में पॉजिटिव पाए जाने वाले नमूनों की दर के मामले में भारत शीर्ष पर रहा है।

मंत्रालय ने 11 अप्रैल 2022 के अपने पत्र का हवाला देते हुए दोहराया कि खाद्य पूरकों की खरीद, संरक्षण और वितरण की जिम्मेदारी एनएसएफ की है। एनएसएफ पोषण विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और सिफारिशों के आधार पर खिलाड़ियों के लिए ऐसे पूरक खाद्य पदार्थों की जरूरत का निर्धारण कर सकते हैं।

## ऋषभ के शतक से उत्तर क्षेत्र जीता

नयी दिल्ली। ऋषभ सिंह के शानदार नाबाद शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने शनिवार को यहां रोशनारा क्रिकेट क्लब में जेके बोस अंतर क्षेत्रीय टी20 क्रिकेट ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र पर नौ विकेट की जीत हासिल की। यह मैच भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन के स्वर्ण जयंती चरण के दौरान खेला गया। ऋषभ ने 43 गेंद में नाबाद 102 रन बनाए जिसमें 18 चौके और दो छक्के जड़े।

# लोकेश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया। लोकेश ने यूनिवर्सिटी



ऑफ सदर्न मिसिसिपी के डी ऑन्ड्रे वार्ड को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 8.20 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। कंसास स्टेट यूनिवर्सिटी के ताफदज़वा चिकोम्बा 8.15 मीटर की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर रहे। लोकेश ने बाद में कहा मैं ईश्वर का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि उनके बिना कुछ भी संभव नहीं है। मैं निश्चित रूप से बेंगलुरु में रह रहे अपने परिवार और अपने कोच का भी आभार व्यक्त करता हूं जो यहां मेरे लिए परिवार की तरह हैं। लोकेश इस तरह से मोहिंदर सिंह गिल, विकास गौड़ा और तेजस्विन शंकर के बाद एनसीएए डिवीजन आई इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। भारतीय एथलीट ने एनसीएए आउटडोर की आयु आयु वर्ग की प्रतियोगिता में पांचवा स्थान हासिल किया था। लोकेश ने 8.17 मीटर छलांग लगाकर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.02 मीटर था।

# वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छी : साइना

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है। बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की

**प्रारूप में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए**

प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा, स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम



कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं। साइना ने कहा, यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा।

साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है।